


सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

**आवश्यकता है**

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239

वर्ष- 15 अंक - 77 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 30 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर



### दल्लीराजहरा साइडिंग में मालगाड़ी डीरेल, एक डिब्बा पलटा, दो डिब्बे पटरी से उतरे

**भिलाई।** दुर्ग से दल्लीराजहरा सेक्शन के बीच शनिवार की सुबह एक मालगाड़ी के कुछ डिब्बे डिरेल हो गए। घटना आज सुबह 7:25 बजे की है। बताया जा रहा है कि मालगाड़ी को खाली वैगन के साथ दल्लीराजहरा माइंस ले जाया जा रहा था। इस दौरान हादसा हुआ। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 07:25 को रायपुर रेल मंडल के दुर्ग - दल्लीराजहरा सेक्शन के मध्य दल्लीराजहरा के साइडिंग में खाली मालगाड़ी के वगैन पटरी से उतर गए हैं। इस घटना में किसी भी तरह का जानमाल हानि नही हुई है। हाददसे के बाद कुछ देर के लिए ट्रैक प्रभावित रहा इसके बाद उसे भी सुधार लिया गया। इससे दुर्ग दल्लीराजहरा सेक्शन की मुख्य लाइन पर यातायात प्रभावित नहीं हुआ है। यह मालगाड़ी खाली वगैन लेकर दल्लीराजहरा माइंस जा रही थी और प्लेसमैंट के दौरान मालगाड़ी का एक डिब्बा पलट गया और दो डिब्बे पटरी से उतर गये हैं। हादसे के बाद दुर्ग ङ्क दल्लीराजहरा सेक्शन में कोई भी यात्री गाड़ी प्रभावित नही हुई हैं यात्री गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

### छत्तीसगढ़ में मिले कोरोना के 10 नए मरीज, अब तक 37 लोग संक्रमित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर कोरोना तेजी से फैलना शुरू हो गया है। ऐसे में सावधानी बरतनी जरूरी हो गया है। प्रदेश में दिनों दिन कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ते जा रहा है। छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को कोरोना के दस नए मरीज मिले हैं। प्रदेश में कुल मरीजों की संख्या 37 हो गया है। प्रदेश में बीते शुक्रवार को 4678 सैम्पलों की जांच हुई जिसमें 10 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इस तारीख में प्रदेश की पाजिटिविटी दर 0.21 प्रतिशत हो गया है।





# ननिहाल के 'भात' से लगेगा अयोध्या में रामलला को भोग

श्रीकंचनपथ न्यूज़

### दुल्हन की तरह सजे 11 ट्रकों में भेजा गया 3000 क्विंटल सुगंधित चावल, सीएम साय ने दिखाई केसरिया झंडी

**रायपुर।** अयोध्या में विराजने को तैयार भगवान श्रीराम के भोग और भक्तों के लिए ननिहाल छत्तीसगढ़ से 3000 क्विंटल सुगंधित चावल की खेप आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रवाना की। राजधानी रायपुर में वीआई रोड स्थित राम मंदिर में इस हेतु चावल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान साय मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, राईस मिल एसोसिएशन के पदाधिकारियों समेत भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले सीएम श्री साय ने भगवान राम का स्मरण करते हुए सजाए गए 11 ट्रकों को केसरिया झंडी दिखाई। चावल की यह खेप 1 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसी दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है, जिसमें 30 लाख से करीब लोगों के शामिल होने की संभावना है। इसी भंडारे के लिए श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ से 300 टन चावल आज रवाना किया गया।

अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया है। खास बात यह है कि यह विशाल भंडारा छत्तीसगढ़ के चावल से होगा। पूरे अयोध्या में छत्तीसगढ़ के चावल की खुशबू महकेगी। राजधानी रायपुर में चावल अर्पण कार्यक्रम की तैयारियां काफी दिनों से की जा रही थी। आज के चावल अर्पण कार्यक्रम के लिए 11 ट्रकों को दुल्हन की तरह सजाया गया था, जिनमें चावल की खेप रामलला के घर अयोध्या के लिए भेजी गई। राजधानी रायपुर स्थित राम मंदिर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन ट्रकों को रवाना किया। यह चावल मायरा के रूप में अयोध्या भेजा गया है। भगवान राम के नलिहाल छत्तीसगढ़ से 3000 क्विंटल सुगंधित चावल भोग के लिए वहां (अयोध्या) पहुंचेगा। जिसे 30 लाख से ज्यादा रामलला के भक्त ग्रहण करने वाले हैं। भगवान राम को लगाए जाने वाले विशेष भोग में भी उनके ननिहाल छत्तीसगढ़ का चावल ही इस्तेमाल किया जाएगा। यह अब तक की सबसे बड़ी चावल की खेप होगी जो अयोध्या पहुंचेगी।

अयोध्या में होने वाले रामलाल के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में देशभर से श्रद्धालु पहुंचने वाले हैं। इन श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में होगी। इस भव्य आयोजन में होने वाले भंडारे के लिए ही सुगंधित चावल अयोध्या भेजा गया है। छत्तीसगढ़ के सभी राइस मिलर्स ने मिलकर यह फैसला किया था कि राम के ननिहाल से ही अयोध्या चावल जाएगा। इसके लिए प्रदेश के राइस मिलर्स ने अच्छे किस्म का सुगंधित चावल इकठ्ठा किया था। ट्रकों से चावल की खेप अयोध्या रवाना करने के बाद मुख्यमंत्री श्री साय होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में राईस मिलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में भी शामिल हुए। आज के चावल अर्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय के अलावा वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, श्यामबिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद सुनील सोनी समेत कई विधायक व भाजपा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में राईस मिलर्स मौजूद थे।

### 2500 मिलर्स ने जुटाए हैं चावल

छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिलर्स एसोसिएशन ने अयोध्या के लिए चावल जुटाने का अभियान शुरू किया था। राज्य में करीब 2500 राईस मिलर्स हैं। अयोध्या भेजे गए 300 टन चावल में इन सभी मिलर्स का योगदान है। भगवान श्रीराम के जयघोष के बीच आज राईस मिलर्स का उत्साह देखते ही बना। एसोशिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने मीडिया से कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान राम का मामा पक्ष है। इसलिए छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है और मायरा स्वरूप 300 टन चावल अयोध्या भेजा जा रहा है। ये चावल रामलला को लगने वाले भोग और भंडार के लिए उपयोग होंगे। ये चावल आर.बी. गोल्ड किस्म का है। आपको बता दें कि भगवान राम की कर्मस्थली अयोध्या माना जाती है लेकिन उनकी तपोस्थली, जहां उन्होंने 10 साल से ज्यादा वनवास काटा वो जगह है छत्तीसगढ़। रायपुर से 27 किलोमीटर दूर चंद्रखुरी में भगवान राम की माता कौशल्या की जन्म स्थली है, जहां मां कौशल्या की गोद में रामलला बैठे हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ भगवान राम को भांजे की तरह मानता है। इसलिए छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल माना जाता है और राज्य में लोग भगवान राम को भांजा का रिश्ता मानते है। रामायण काल में छत्तीसगढ़ को दक्षिण कौशल के नाम से जाना जाता था। राजा दशरथ ने दक्षिण कौशल के राजा भानुमंत की बेटी कौशल्या से विवाह किया। इसके बाद अयोध्या और दक्षिण कौशल का रिश्ता जुड़ गया। छत्तीसगढ़ को भगवान राम का ननिहाल माना गया। इसके पीछे आधार ये है कि देश में एकमात्र कौशल्या माता मंदिर छत्तीसगढ़ में है।

# 31 मार्च तक बड़ी तारीख, BPCL के बाद IOC ने भी लॉन्च किया ऐप, घर बैठे ऐसे करें अपनी ई-केवाईसी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एलपीजी केवाईसी को लेकर बड़ा अपड़ेट आया है। सरकार ने ई-केवाईसी की डेट बढ़ा दी है। उपभोक्ता अब 31 मार्च 2024 तक गैस एजेंसी में जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए यह निर्णय लिया है। गैस एजेंसी के अलावा उपभोक्ता घर बैठे भी अपना ई-केवाईसी पूरा कर सकते हैं। इसके लिए बीपीसीएल व आईओसी ने अपना ऐप भी लॉन्च किया है। कुछ आसान स्टेप्स फॉलो कर आप अपना ई-केवाईसी घर बैठे कर सकते हैं।

बता दें छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी की गारंटी के तौर पर 500 रुपए में एलपीजी उपलब्धा कराने की घोषणा की गई थी। छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद एजेंसियों में गैस उपभोक्ता ई-केवाईसी कराने में जुटे हैं। ई-केवाईसी के लेकर



बताया जा रहा है कि इसके बाद ही उपभोक्ताओं को 500 रुपए में सिलेंडर का लाभ मिल पाएगा। पहले ई-केवाईसी के लिए 31 दिसंबर आखिरी तारीख तय की गई थी लेकिन अब इसे बदल दिया गया है। अब उपभोक्ता 31 मार्च तक अपना केवाईसी पूरा करा सकेंगे।

### पेनिक न हों 31 मार्च तक करा सकेंगे ई-केवाईसी

फेडरेशन ऑफ एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव संजय शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को पेनिक होने की जरूरत नहीं है। 31 मार्च तक उपभोक्ता अपना ईकेवाईसी करा सकेंगे। एजेंसी के सामने लंबी कतार से बचने उपभोक्ता मोबाइल ऐप का उपयोग कर घर बैठे ई-केवाईसी करा सकेंगे। भारत पेट्रोलियम ने hello bpcl और इंडियन ऑयल (इंडेन) ने IndianOil one नाम से ऐप लॉन्च किया है। इन दोनों ऐप के माध्यम से उपभोक्ता ई-केवाईसी करा सकेंगे। वहीं एचपी के उपभोक्ताओं को ऐप के लिए अभी इंतजार करना होगा।

### भारत गैस के उपभोक्ता हेलो बीपीसीएल ऐप से ऑनलाइन करा सकते हैं केवाईसी

- यदि आप भारत गैस के उपभोक्ता हैं तों सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से hello bpcl और AadhaarFaceRD ऐप डाउनलोड करें।
- इसके बाद ऐप ओपन करें और प्रोग्राम पर जाएं। यहां गैस बुकिंग के लिए पेमेंट पर क्लिक करें।
- पेमेंट पर क्लिक करते हुए जो पेज सामने होगा उसमें एक ऑप्शन कंप्लीट केवाईसी का दिया होगा।
- कंप्लीट केवाईसी पर क्लिक करते ही आपको रजिस्टर्ड मोबइल नंबर दर्ज करना होगा।
- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगी जिसे वेरीफाई करें।
- ओटीपी वेरीफाई होने के बाद आधार वेरीफिकेशन के लिए AadhaarFaceRD एप के जरिए फेस आईडी कन्फर्म करानी होगी।
- फेस आईडी कन्फर्म कराते समय सेल्फी के जरिए तस्वीर लेनी है और इस दौरान पलकों को एक बार झपकाना होगा।
- जैसे ही फेस आईडी कन्फर्म होगी आपकी ई-केवाईसी पूरी हो जाएगी।

# पीएम मोदी ने किया अयोध्याधाम जंक्शन का उद्घाटन, छह वंदेभारत और दो अमृत भारत ट्रेन की दिखाई हरी झंड़ी

**लखनऊ (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अयोध्याधाम जंक्शन का उद्घाटन किया। इसके पहले आठ किलोमीटर रोड शो के दौरान लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने छह वंदेभारत दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। अयोध्या जंक्शन के उद्घाटन के बाद पीएम वाल्मीकी एयरपोर्ट के लिए निकले। रास्ते में वह उज्ज्वला और आवास योजना की लाभार्थी मीरा के घर पहुंचे। उन्होंने वहां चाय पी। प्रधानमंत्री का विमान वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। इसके बाद उनका काफिला अयोध्या धाम जंक्शन की ओर निकला। रास्ते में बैरिकेडिंग के किनारे लोगों की भीड़ सुबह से प्रधानमंत्री का इंतजार कर रही थी। प्रधानमंत्री ने गाड़ी से उतरकर उनका अभिवादन किया। प्रधानमंत्री पर रास्ते में लगातार पुष्प वर्षा की जाती रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट जाते समय लता मंगेशकर चौक पर उतरे। यहां उन्होंने वीणा को चारों तरफ से निहारा। इसके बाद आगे के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री आज 15,700 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे।



पीएम ने पुनर्विकसित अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया। साथ ही श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-नई दिल्ली, अमृतसर-नई दिल्ली, कोयम्बटूर-बेंगलुरु, मंगलूरु-मडगांव, जालना-मुंबई एवं अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल के बीच 6 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के साथ ही अयोध्या-दरभंगा एवं मालदा टाउन-बेंगलुरु के बीच 2 अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। मोदी जिन प्रमुख परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे उनमें एनएच-27 के लखनऊ-अयोध्या खंड में किमी 8.000 से किमी 121.600 तक का ईपीसी मोड में चौड़ीकरण, एनएच-27 पर अयोध्या बाईपास के किमी 121.600 से किसी 144.020 तक चौड़ीकरण शामिल हैं।

# गाड़ियों में घिसे हुए टायर और क्यूआर कोड

श्रीकंचनपथ




सड़कों पर लगातार बढ़ती वाहनों की संख्या ने सभी की नाक में दम कर रखा है। इससे भी बड़ी समस्या लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं हैं। 2022 के दौरान अकेले छत्तीसगढ़ में 16 हजार 893 लोगों की मौत सड़क हादसों में हो गई। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में भारत में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या 12 प्रतिशत बढ़कर 4.6 लाख से अधिक हो गई। हर घंटे 19 लोगों की मौत हुई। जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां महानगरों की तुलना में वाहनों का घनत्व नगण्य है। अधिकांश दुर्घटनाएं खराब सड़कों, प्रकाश का अभाव, सड़क पर मवेशी, खराब ट्रैफिक सेंस और लापरवाह वाहन चालन के कारण होती हैं। एक छोटा कारण वाहनों का रखरखाव भी है। इसमें पुराने वाहन, घिसे हुए टायर, कमजोर या अत्यधिक तीव्र ब्रेकिंग जैसे कारण भी शामिल हैं। अब सरकार ने मोटर वाहन अधिनियम के कुछ प्रावधानों को सख्ती से लागू करने का इरादा किया है। पहली बार पुलिस एक्सपायरी डेट के टायरों पर कार्यवाही करेगी। जिन वाहनों के टायर एक्सपायरी डेट पार कर चुके होंगे या घिस कर टकला हो चुके होंगे, उनपर सौ रुपए का चालान किया जाएगा। दूसरी तरफ सड़क पर बेतरतीब पार्क किए हुए वाहनों को क्रेन से उठाने का काम भी चुस्ती-फुर्ती के साथ किया जाएगा। इसके लिए पुलिस ने एक काम और किया है। अब वाहनों पर एक क्यूआर कोड भी लगाना होगा जिसमें वाहन के मालिक का पूरा ब्यौरा मय मोबाइल नंबर शामिल होगा। पुलिस वाहन को उठाएगी तो मालिक को तत्काल सूचना मिल जाएगी कि उसकी गाड़ी किसी चोर उचक्के ने नहीं उड़ाई बल्कि पुलिस ले गई है। साथ ही यह सूचना भी दे दी जाएगी कि वाहन को कहां ले जाया गया है। इससे वाहन मालिक परेशान होने से बच जाएगा। अब तक जो ऐप उपलब्ध हैं उससे वाहन के नम्बर से उसके मालिक का सिर्फपता लगाया जा सकता है। इसमें एक ही दिक्कत है कि यह वाहन मालिक का फोन नम्बर नहीं बताता। अर्थात मालिक को तत्काल सूचना देना संभव नहीं होता। अब जबकि क्यूआर कोड से फोन नंबर भी हासिल किया जा सकता है तो यह मनचलों के लिये ज्यादा काम का साबित हो सकता है। बहरहाल, बात सड़क हादसों और उसमें मरने वाले लोगों की हो रही थी। आंकड़े गवाह हैं कि अधिकांश ऐसे हादसे, जिसमें लोगों की मौत हो जाती है, उन स्थानों पर होती हैं जहां सड़कें लगभग सूनी होती हैं। तमाम सिक्यूरिटी फीचर्स के बावजूद लोगों की जान जा रही है। हेलमेट और सीट-बेल्ट के लिए पुलिस तो चेतावनी देती ही है, बेल्ट नहीं लगाने पर गाड़ी खुद भी पीं-पीं करती है। दरअसल, लोगों को सुरक्षा की कुछ पड़ी नहीं है। कोई कितना और क्या-क्या समझाए। ड्रंक ड्राइविंग, रेड लाइट जंपिंग, स्पीड लिमिट क्रॉस करना और हेलमेट-सीट बेल्ट को लेकर सख्ती करने के शायद बेहतर परिणाम आते। पर यह बेहद मुश्किल है, इसलिए...



## संपादकीय

# कोहरे का कहर

उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में शीत और घने कोहरे का आलम है। सामान्य जनजीवन पर गहरा असर पड़ा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, उत्तर भारतीय राज्यों में आने वाले दिनों में भी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग ने यात्रियों से वाहन चलाते समय या परिवहन के किसी भी साधन का उपयोग करते समय सावधान रहने के लिए कहा है। बहुत जरूरी न होने पर कुछ दिन यात्रा को टालने में ही भलाई है। हवाई अड्डों पर यातायात प्रभावित हुआ है। अनेक रेलगाड़ियों को रद्द करने की नौबत आ गई है और सड़कों पर दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। प्रतिदिन 50 से ज्यादा उड़ानों की दिशा मोड़नी पड़ रही है, कुछ उड़ानों को रद्द भी करना पड़ा है। खासकर उत्तर प्रदेश में शीतलहर की स्थिति है और कोहरे की मोटी परत जमी हुई है, धूप के दर्शन दुर्लभ हैं। सबसे दुखद यह कि 30 से ज्यादा मौतें हुई हैं। उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। कुछ इलाकों में बारिश का भी अनुमान है, जिससे कोहरे में कमी आएगी, पर ठंड में वृद्धि होगी। जहां उत्तर प्रदेश में ठंड का कहर जारी है, वहीं बिहार में ज्यादातर जगह अभी भी ठंड का इंतजार है। यहां कुछ ही इलाकों में कोहरा पड़ा है। बिहार में कुछ जगहों पर बारिश का भी अनुमान है, जिससे ठंड जरूर बढ़ जाएगी। कुल मिलाकर, इस बार शीतकाल कुछ देर से आया लगता है। आमतौर पर बिहार में दिसंबर में इतना तापमान नहीं रहता था, इस बार पारे का न गिरना आगे चिंता की वजह बन सकता है। क्या इसे जलवायु परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है? क्या बिहार में पर्यावरण की पर्याप्त चिंता की जा रही है? गौर करने की बात है कि बिहार के अनेक शहर प्रदूषण से लगातार पीड़ित रहे हैं, तो समाधान किस स्थिति में है? पटना में न्यूनतम तापमान जहां 15 डिग्री के आसपास है, वहीं दिल्ली में 10 डिग्री के आसपास चल रहा है। रांची में भी पारा न्यूनतम 12 डिग्री के आसपास है, मतलब पारा अभी और गिर सकता है। लोगों को ठंड के लिए तैयार रहना चाहिए। कुछ देर से ही सही, ठंड का अभी और बढ़ना तय है। हां, समग्रता में मौसम विज्ञानियों के लिए यह अध्ययन की बात है कि इस बार सर्दियों के दिन कुछ देर से आ रहे हैं। बहरहाल, ठंड की तुलना में कोहरे ने ज्यादा परेशान कर रखा है। लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़, प्रयागराज और अन्य स्थानों पर शुक्रवार सुबह शून्य दृश्यता की स्थिति बन गई थी। अकेले लखनऊ एयरपोर्ट पर गुरुवार को 17 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। वाराणसी एयरपोर्ट पर तो पिछले दो दिनों से 50 फीसदी उड़ानें रद्द की गई हैं। उत्तर प्रदेश में ज्यादातर ट्रेनें 5 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं। देरी की वजह से ही वंदे भारत, शताब्दी और तेजस जैसी कई अति विशिष्ट ट्रेनें भी रद्द कर दी गईं। सबसे ज्यादा असर सड़क यातायात पर पड़ा है। उत्तर प्रदेश के करीब 29 जिलों में शीतलहर की स्थिति है। जाहिर है, ऐसे मौसम में हर तरह की सावधानी से काम लेना चाहिए। जहां प्रशासन को जगह-जगह गरीबों या बेघर लोगों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था दुरुस्त रखनी चाहिए, वहीं आश्रित बच्चों-बुजुर्गों के भोजन की चिंता भी जरूरी है। शीत से ज्यादातर मौतें तभी होती हैं, जब किसी को भोजन या कपड़ों की कमी होती है। किसी भी प्रतिकूल मौसम में अगर समाज एकजुट रहे, तो हम किसी भी तरह की आपदा से बच सकते हैं। आज के विकसित होते दौर में भी शीत से होने वाली परेशानी और मौत एक बड़ी चुनौती है।

> “ लोगों को ठंड के लिए तैयार रहना चाहिए। कुछ देर से ही सही, ठंड का अभी और बढ़ना तय है। हां, समग्रता में मौसम विज्ञानियों के लिए यह अध्ययन की बात है कि इस बार सर्दियों के दिन कुछ देर से आ रहे हैं।

## रिश्ते में गरमाहट नहीं?

विदेश में एस जयशंकर ने अपनी मास्को यात्रा के दौरान रूस के साथ भारत के पारंपरिक और दोनों देशों के लिए लाभदायक साबित हुए रिश्ते की चर्चा पूरे उत्साह से की। इस यात्रा के दौरान कुडनकुलम परमाणु संयंत्र के अगले चरण में सहयोग का करार हुआ। साथ ही भारत को रूस के कच्चे तेल एवं अन्य खनिजों का सबसे बड़ा बाजार बनाने का दावा किया गया। यह एलान भी हुआ भारत अगले वर्ष यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन (यूएईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता शुरू करेगा। यूएईयू पांच पूर्व सोवियत गणराज्यों का मुक्त व्यापार क्षेत्र है, जिसमें स्वाभाविक रूप से रूस सबसे बड़ी ताकत है। जयशंकर ने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन की प्रशंसा करते हुए उन्हें बहुपक्षीय दुनिया के निर्माण की प्रेरक शक्ति बताया। ये सारी बातें रूसी नेताओं को कर्णप्रिय लगी होंगी। नतीजा हुआ कि पुतिन ने जयशंकर से मुलाकात की, जबकि आम तौर पर वे विदेश मंत्रियों से नहीं मिलते हैं। पुतिन और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी भारत को कर्णप्रिय लगने वाली कई बातें कहीं।

मगर हकीकत यह है कि भारत-रूस संबंध की वह गरमाहट फिलहाल मौजूद नहीं है, जो इस संबंध को एक विशेष रूप देती थी। इस बात की सबसे बड़ी मिसाल यही है कि यह लगातार दूसरा साल रहा, जब दोनों देशों में हर साल होने वाली शिखर वार्ता नहीं हुई। इसीलिए इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह जयशंकर मास्को गए। विदेश मंत्री ने यह उम्मीद जरूर जताई है कि 2024 के आखिर में यह सिलसिला फिर शुरू हो सकता है। लेकिन बदलती भू-राजनीति कुछ अन्य संकेत देती है। एक तरफ रूस और चीन का गठजोड़ अमेरिकी वर्चस्व को तोड़ कर नई विश्व व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है, वहीं इस दौर में भारत अमेरिकी धुरी के बेहद करीब पहुंच गया है। इसका परिणाम भारत-रूस संबंधों पर पड़ा है। इसके बावजूद दोनों देश एक दूसरे के लिए कर्णप्रिय बातें कहते हैं, तो उसकी वजह है कि रक्षा से लेकर व्यापार तक के कई मामलों में दोनों के पास एक दूसरे का विकल्प नहीं है। इसलिए संबंध कायम है, लेकिन गरमाहट गायब हो गई है।

## राहुल क्या अयोध्या से फोकस हटा पाएंगे?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी जिस दिन मणिपुर से भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे उसके दो दिन बाद 16 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पहले से तय था। कई महीने पहले इसी तारीख घोषित हो गई थी। लेकिन राहुल की भारत न्याय यात्रा की तारीख 27 दिसंबर को घोषित की गई। यह महज संयोग नहीं है कि राहुल अपनी यात्रा 14 जनवरी से शुरू कर रहे हैं। उनकी दूसरी यात्रा जो पूरब से पश्चिम की होनी थी उसकी चर्चा कई महीनों से चल रही थी। पहले यह भी कहा जा रहा था कि अक्टूबर वे यह यात्रा शुरू कर सकते हैं। लेकिन यात्रा शुरू हो रही है 14 जनवरी से।

अब सवाल है कि क्या राहुल गांधी मणिपुर से जो यात्रा शुरू करेंगे उससे वे अयोध्या के कार्यक्रम से ध्यान हटा पाएंगे या उससे कोई समानांतर नैरेटिव सेट कर पाएंगे? गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले साल जो भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी वह कांग्रेस और सहयोगी पार्टियों के असर वाले इलाके से की थी। तमिलनाडु में कांग्रेस और डीएमके की सरकार थी, जहां से यात्रा शुरू हुई थी। उसके बाद केरल और कर्नाटक दोनों राज्यों में कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी थी और बहुत मजबूत थी। एक आंध्र प्रदेश के छोड़ कर बाकी जिस राज्य से भी कांग्रेस की यात्रा गुजरी वहां कांग्रेस बहुत मजबूत थी। लेकिन न्याय यात्रा का शुरुआती चरण ऐसे राज्यों में है, जहां से कांग्रेस लगभग साफ हो चुकी है।

पूर्वोत्तर में किसी राज्य में कांग्रेस का आधार नहीं बचा है। हाल में हुए मिजोरम के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पांच सीटों से घट कर एक सीट पर आ गई है। भाजपा को भी उससे एक सीट ज्यादा मिली है। मणिपुर से शुरू करके वे नगालैंड, असम होते हुए मेघालय जाएंगे और वहां से पश्चिम बंगाल पहुंचेंगे। इन पांच राज्यों में कांग्रेस बहुत कमजोर है।

> “ इस साल सितंबर में हमारे देश का मौसम ताकतवर विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी के साथ खुशगवार रहा। दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन की कामयाबी का जश्न उस वक्त और बढ़ गया, जब सर्वसम्मति के साथ घोषणापत्र भी पारित हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की यह बड़ी जीत मानी गई और इसकी गूंज राजनय के साथ राजनीति में भी हुई।

# सियासी उबाल और बदलाव का साल

विजय त्रिवेदी, वरिष्ठ पत्रकार

चांद की सतह पर चंद्रयान-3 के सफलतापूर्वक उतरने से लेकर क्रिकेट विश्व कप में हार के गम के साथ बहुत सी ऐसी बातें हैं, जो इस साल के साथ याद रहेंगी, पर राजनीतिक उथल-पुथल से भरे इस साल ने राजनीति के हर रंग दिखाए हैं। इस बात को पुख्ता तौर पर साबित किया है कि राजनीति में सब कुछ मुमकिन है और यह संभावनाओं और उम्मीदों का खेल है, बशर्ते आप तमाम आशंकाओं को अपने पुरुषार्थ से उम्मीद में बदलने की शिद्दत रखते हों और माद्दा भी।

इस साल देश को संसद भवन की नई खूबसूरत इमारत मिल गई। नए भवन में लोकसभा में 888 और राज्यसभा में करीब 300 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था है। नई इमारत में हिन्दुस्तान की राजनीति की नई बुलंद तस्वीर बनाने की कोशिश भी की गई, जब विशेष सत्र बुलाकर लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण देने का विधेयक पास कर दिया गया।

बीतते साल 2023 की शुरुआत ही राजनीतिक अखाड़े के एक पहलवान और भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से पछाड़ने की कोशिश से हुई थी, मगर तमाम तरह के आंदोलनों, प्रदर्शनों के बावजूद दुनिया भर में नाम और पदक कमाने वाली दिग्गज पहलवानों को राजनीति ने चित्त कर दिया। इसी तरह, कथित शराब घोटाले का ढक्कन जब साल की शुरुआत में खुला, तो उसकी जद में आम आदमी पार्टी के कद्दावर नेता मनीष सिसोदिया ऐसे आए कि साल खत्म हो गया, पर जेल से बाहर नहीं निकल पाए। उनके एक अन्य साथी संजय सिंह को भी इसी सिलसिले में जेल जाना पड़ा। आरोप है कि पार्टी ने पंजाब के चुनाव में इस पैसे का इस्तेमाल किया और वहां उसकी सरकार भी बनी।

पंजाब में भले ही भाजपा को कोई सफलता नहीं मिली, पर मार्च में उत्तर-पूर्वी राज्यों के चुनावों में उसने त्रिपुरा में एक बार फिर पूर्ण-बहुमत की सरकार बना ली। नगालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, तो मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के साथ मिलकर सरकार बना ली। मार्च में ही कांग्रेस के लिए बुरी खबर तब आई, जब उनके युवा नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी। गुजरात में सूरत की एक अदालत ने उन्हें मानहानि के मामले में दो साल की सजा सुनाई थी। बाद में कांग्रेस को एक बड़ी राहत तब मिली, जब राहुल गांधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद फिर लोकसभा में लौट आए।

यूं तो हम हर दिन बहुत से मसलों पर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, पर अप्रैल में हम दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले मुल्क बन गए। हालांकि, तेज बढ़ती आबादी भारत में राजनीति का मुद्दा नहीं बनी। जनगणना और जातिगत गणना का मुद्दा चर्चा में बना रहा है। उधर, मणिपुर हिंसा में तपता रहा, दहकता रहा। जुलाई में दो महिलाओं की नग्न परेड के वीडियो ने देश की तमाम व्यवस्थाओं को नंगा कर दिया। कुकी और मैतेई समुदायों के बीच हिंसा भले थम गई हो, पर राख के नीचे आग अभी भी महसूस की जा सकती है। मणिपुर को विपक्षी गठबंधन अभी भूला नहीं है।



इस साल सितंबर में हमारे देश का मौसम ताकतवर विदेशी मेहमानों की मेहमाननवाजी के साथ खुशगवार रहा। दिल्ली में जी-20 के शिखर सम्मेलन की कामयाबी का जश्न उस वक्त और बढ़ गया, जब सर्वसम्मति के साथ घोषणापत्र भी पारित हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की यह बड़ी जीत मानी गई और इसकी गूंज राजनय के साथ राजनीति में भी हुई।

नवंबर में भारत में क्रिकेट का विश्व कप भी हो रहा था और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सेमीफाइनल माने जाने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी। भारत के हाथ से विश्व कप फिसल गया और कांग्रेस के हाथों से राजस्थान और छत्तीसगढ़। भाजपा हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारी जीत के साथ सत्ता में आ गई। कांग्रेस को तेलंगाना में सरकार बनाकर संतोष करना पड़ा। हालांकि, इन चुनावों में कांग्रेस को संतोष है और दावा भी कि उसने भाजपा से दस लाख वोट ज्यादा हासिल किए हैं। इससे पहले इसी साल कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश के चुनावों में कांग्रेस ने भाजपा को चित्त कर दिया था, पर वह अपने विजय रथ को आगे नहीं बढ़ा पाई। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' का राजनीतिक करिश्मा आगे नहीं बढ़ पाया और न 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान' का नारा चला।

मगर 3 दिसंबर को पस्त पड़े विपक्ष को 13 दिसंबर को एक नया मुद्दा मिल गया। संसद पर हमले की बरसी मनाई गई थी और इसी दिन दोपहर में संसद की सुरक्षा में चूक हो गई, जब दो नौजवान लोकसभा में दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए। जवाब की मांग हुई, विवाद तीखा हो गया। विपक्ष ने खूब हंगामा किया और इतिहास में पहली बार 146 सांसदों का निलंबन किया गया, एक दिन में एक साथ 78 सांसदों का निलंबन हो गया। तृणमूल कांग्रेस की मुखर नेता महुआ मोइत्रा भी खूब चर्चा में रहीं और अंततः उनकी सांसदी चली गई। एक उद्योगपति से लाभ लेकर सवाल पूछने का उन पर आरोप लगा। सांसद अपना लॉगिन पासवर्ड कैसे रखते हैं, यह देश को पता चला। मोदी सरकार के खिलाफजून में बना इंडिया ब्लॉक चार बैठकों के बाद भी अपनी गांठें सुलझाने में जुटा है। मोदी-शाह की जोड़ी और भाजपा के मजबूत संगठन से जूझने के लिए एकजुट होने के अलावा विपक्ष के पास कोई विकल्प नहीं है।

अब अगले वर्ष अप्रैल-मई में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच 156 सीटों पर और भाजपा का क्षेत्रीय दलों से 160 सीटों पर सीधा मुकाबला होगा। जातिगत जनगणना की सुगबुगाहट के बीच अयोध्या में राम मंदिर का मुद्दा आगामी चुनाव में जरूर गूंजेगा। मथुरा और काशी के मंदिर मामलों को भी बल मिलेगा। अनुच्छेद-370 को खत्म करने पर भी सुप्रीम कोर्ट की मुहर के बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव का इंतजार रहेगा। अब शायद समान नागरिक संहिता और एक देश-एक चुनाव की बारी है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और जातिगत राजनीति के बीच मुकाबला है, मतलब देश में ध्रुवीकरण की तपन बनी रहेगी।

इंडिया ब्लॉक क्या नरेंद्र मोदी को पंडित नेहरू की तरह तीन बार प्रधानमंत्री बनने से रोक पाएगा। प्रधानमंत्री ने तो तीन राज्यों में जीत की हैट्रिक के बाद नारा दे दिया है कि 2024 में वह हैट्रिक लगाएंगे और देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। मोदी की गारंटी के साथ सपनों की एक और ऊंची उड़ान का वादा है।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बनने के बाद भारत

मनु गौड़, जनसंख्या विशेषज्ञ

यह याद रखा जाएगा कि भारत साल 2023 में सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया। भारत क्या अब जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाएगा? भारत की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए अनेक संगठनों द्वारा गत एक दशक से जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई प्रयास किए गए। साथ ही, देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु तीव्र आवाज भी सुनाई देने लगी। ध्यान रहे, 1970 के दशक में जब भारत द्वारा जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से बड़े स्तर पर नसबंदी कार्यक्रम चलाए गए, उसी 1970 के दशक में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए चीन द्वारा भी 35 वर्षों के लिए एक संतान की नीति अपनाई गई। दुनिया की लगभग 37 प्रतिशत जनसंख्या इन्हीं दोनों देशों में निवास करती है।

जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में भारत और चीन के बढ़ते कदम को देखते हुए वैश्विक स्तर पर पश्चिमी समृद्ध राष्ट्रों के संगठन भी सक्रिय हो गए थे। विभिन्न देशों द्वारा चलाई जा रही जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित नीतियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित होने लगे थे। इन देशों का मकसद बड़ी आबादी वाले राष्ट्रों को एक बाजार के रूप में देखना तथा एशिया महाद्वीप में गरीबी व अस्थिरता बनाए रखना भी था, जिससे ये राष्ट्र अपनी बड़ी जनसंख्या हेतु संसाधनों की कमी से सदैव जूझते रहें और कभी भी विकसित देश की श्रेणी में न आ सकें। ऐसे सम्मेलनों में साल 1994 में आयोजित 'इंटरनेशनल कांफ्रेंन्स फॉर पॉपुलेशन ऐंड डेवलपमेंट' (आईसीपीडी) प्रमुख है। चीन ने इस चाल को समय रहते समझ लिया और यही कारण है कि वह आज विकसित राष्ट्र की श्रेणी में अपना स्थान बना चुका है। दूसरी ओर, भारत अपनी जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की लड़ाई लड़ रहा है। मगर इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि इतनी बड़ी आबादी के बावजूद हम प्रगति कर रहे हैं।



जिस प्रकार मौजूदा सरकार ने अनुच्छेद-370 को हटाया या तीन तलाक को समाप्त किया है या देश में समान नागरिक संहिता की ओर कदम बढ़ाया है, वैसे ही अगर सरकार जन-भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में कदम उठाती है, तो कोई आश्चर्य नहीं। आगामी समय में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। दूसरी ओर, इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा एक नई चर्चा या भ्रम को जन्म देने का प्रयास किया गया है कि जनसंख्या दर में आ रही कमी के चलते भारत में बुजुर्गों की जनसंख्या बढ़ जाएगी। अभी भारत की कार्यशील जनसंख्या (15 से 64 वर्ष की उम्र के लोग) लगभग 100 करोड़ है और आश्रित जनसंख्या लगभग 43 करोड़ है। जहां भविष्य में 15 वर्ष की आयु से कम की जनसंख्या में कमी आएगी, वहीं 64 वर्ष से अधिक आयु वालों की संख्या में वृद्धि होगी, परंतु अर्थव्यवस्था पर कुल आश्रितों की संख्या में कोई बड़ा अंतर देखने को नहीं मिलेगा। हां, बुजुर्गों के हित में देश में सेवानिवृत्ति की आयु बढ़नी चाहिए। बढ़ती आबादी के साथ ज्यादातर लोगों को 58 साल की उम्र में ही सेवानिवृत्त कर देना उचित नहीं।

बढ़ती आबादी के साथ पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देना भी जरूरी है। भारत में वृद्ध माता-पिता की सेवा करना धर्म माना जाता है। वृद्ध होने पर पश्चिमी समृद्ध राष्ट्रों की भांति उन्हें वृद्ध आश्रमों में अकेला नहीं छोड़ा जाता है, इसलिए ऐसे संगठनों द्वारा प्रस्तुत किए गए इस प्रकार के आंकड़ों से भारत को चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। बच्चों की देखरेख-शिक्षा का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए, ताकि बढ़ती आबादी हमारे समाज को बिखेर न पाए।

हमें समझना होगा, बुजुर्गों की अधिक संख्या संबंधी भ्रम फैलाने का मूल मकसद महज यही है कि भारत जनसंख्या नियंत्रण की नीति न बनाए और संसाधनों की कमी के कारण गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी, प्रदूषण आदि की समस्याएं बनी रहें। यदि भारत को वास्तव में विश्व में सर्वशक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरना है, तो नए साल में जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रयास करना चाहिए, जैसा 15 अगस्त, 2019 को लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बुध और शुक्र पर संभावित जीवन के संकेत

मुकुल व्यास

पारलौकिक जीवन की खोज कर रहे वैज्ञानिकों का ध्यान अब बुध और शुक्र की तरफ गया है। उन्होंने बुध के उत्तरी ध्रुव के पास लवणयुक्त ग्लेशियरों की खोज की है, जिससे यह संभावना बढ़ गई है कि सूर्य का निकटतम ग्रह जीवन की मेजबानी करने में सक्षम हो सकता है। दूसरी तरफ, वैज्ञानिकों द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में पाया गया है कि शुक्र पर कभी टेक्टोनिक प्लेट में वैसी ही हलचल हुई होगी जैसी प्रारंभिक पृथ्वी पर हुई थी। यह खोज शुक्र पर प्रारंभिक जीवन की संभावना की तरफ इशारा करती है। बुध सौरमंडल का सबसे छोटा ग्रह है। इस ग्रह के लवणीय ग्लेशियरों में जीवन के चरम रूपों के लिए सही परिस्थितियां हो सकती हैं।

दरअसल, नए निष्कर्ष नासा के मैसेंजर रोबोटिक यान द्वारा किए गए पिछले अवलोकनों पर आधारित हैं। मैसेंजर ने 2011 और 2015 के बीच बुध की रासायनिक संरचना, चुंबकीय क्षेत्र और भौगोलिक विशेषताओं का अध्ययन किया था। नई खोज का ब्योरा द प्लैनेटरी साइंस पत्रिका में दिया गया है। एरिज़ोना स्थित ग्रह-विज्ञान संस्थान के वैज्ञानिक और अध्ययन के प्रमुख लेखक एलेक्सिस रोड्रिग्ज ने कहा, हाल के एक शोध से पता चला था कि प्लूटो में नाइट्रोजन के ग्लेशियर हैं। नई खोज इसी शोध का विस्तार है। इन शोधों के नतीजों से स्पष्ट है कि हमारे सौरमंडल के सबसे गर्म से लेकर सबसे ठंडे क्षेत्रों तक ग्लेशियर पाए जाते हैं। बुध के रेडिटलाडी और एमिनेस्कु क्रेटर में पाए जाने वाले ये ग्लेशियर पृथ्वी जैसे हिमखंडों की तरह नहीं हैं। इसके बजाय, वे लवण के प्रवाह हैं जो बुध की सतह के नीचे वाष्पशील यौगिकों को जकड़े हुए हैं।



भूविज्ञान की दृष्टि से वाष्पशील पदार्थ वे रसायन हैं जो किसी ग्रह पर आसानी से वाष्पित हो जाते हैं, जैसे पानी, कार्बन डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन। क्षुद्रग्रहों के प्रहारों ने बुध के विचित्र लवण खंडों को उजागर किया है। इस प्रक्रिया में सतह के नीचे फंसा हुआ पदार्थ भी उजागर हो गया। यही वजह है कि विज्ञानियों ने इन्हें क्रेटरों में खोजा।

सूर्य से निकटता के कारण बुध पर ग्लेशियरों का पाया जाना सचमुच आश्चर्यजनक है। यह ग्रह पृथ्वी की तुलना में सूरज से 2.5 गुना अधिक निकट है। उस छोटी सी दूरी पर चीजें बहुत अधिक गर्म होती हैं। अध्ययन के सह-लेखक ब्रायन ट्रैविस के अनुसार लवण के ये प्रवाह एक अरब वर्षों से अधिक तक अपने वाष्पशील पदार्थों को संरक्षित कर सकते हैं। हालांकि बुध का लवण भंडार विशिष्ट हिमखंडों या आर्कटिक ग्लेशियरों के अनुरूप नहीं है, पृथ्वी पर भी लवणीय वातावरण मौजूद है। इसलिए भूविज्ञानियों को इस बात का अच्छा अंदाजा है कि ये किस तरह के वातावरण हैं और क्या वहां जीवन उभर सकता है। रोड्रिग्ज ने कहा, पृथ्वी पर विशिष्ट लवण यौगिक कुछ सबसे कठोर वातावरणों में भी रहने योग्य स्थान बनाते हैं। चिली में अटाकामा का शुष्क रेगिस्तान इसका उदाहरण है। सोच की यह दिशा हमें बुध पर सतह के नीचे के क्षेत्रों पर विचार करने के लिए प्रेरित करती है। ये क्षेत्र ग्रह की कठोर सतह की तुलना में अधिक अनुकूल हो सकते हैं।

दरअसल, सूर्य की तीव्र किरणों के बावजूद बुध की सतह के नीचे जकड़े हुए वाष्पशील पदार्थ भूमिगत जीवन को बनाए रखने में सक्षम हो सकते हैं। पानी जैसे वाष्पशील पदार्थ जीवन के लिए आवश्यक हैं। यदि बुध पर जीवन हो सकता है, तो बुध जैसे बाहरी ग्रह उन विज्ञानियों के लिए अधिक आकर्षक हो सकते हैं जो पारलौकिक जीवन की तलाश कर रहे हैं। बुध की सतह के नीचे वास्तव में क्या छिपा हुआ है, इस पर प्रकाश डालने के लिए अभी और अध्ययन की आवश्यकता है।

सौरमंडल में हमारा सबसे करीबी पड़ोसी शुक्र ग्रह एक झुलसा देने वाली बंजर भूमि है। पृथ्वी की तरह शुक्र की आयु करीब 4.5 अरब वर्ष है। उसका आकार और द्रव्यमान भी लगभग पृथ्वी के बराबर है। शायद इसी वजह से उसे पृथ्वी का जुड़वां ग्रह भी कहा जाता है। नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में ब्राउन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं और अन्य वैज्ञानिकों की एक टीम ने शुक्र ग्रह के वायुमंडलीय डेटा और कंप्यूटर मॉडलिंग का उपयोग करके यह दर्शाया है कि ग्रह के वर्तमान वायुमंडल की संरचना और सतह का दबाव केवल प्लेट टेक्टोनिक्स के प्रारंभिक रूप के परिणामस्वरूप ही संभव हो पाए होंगे। प्लेट टेक्टोनिक्स जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

दरअसल, प्लेट टेक्टोनिक्स सिद्धांत के अनुसार पृथ्वी की ऊपरी परत (लिथोस्फीयर) कई बड़े शिलाखंडों अथवा प्लेटों में विभाजित है जो पृथ्वी के नरम मध्य भाग (कोर) के ऊपर चट्टानी आंतरिक परत (मेंटल) पर सरकती हैं। ये प्लेटें पृथ्वी के लैंडस्केप को नया आकार देने के लिए लगातार चलती रहती हैं। पृथ्वी पर प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया अरबों वर्षों में तीव्र हुई, जिससे नए महाद्वीपों और पहाड़ों का निर्माण हुआ। इस प्रक्रिया के कारण उत्पन्न रासायनिक क्रियाओं की वजह से ही हमारे ग्रह की सतह का तापमान स्थिर हुआ जिससे जीवन के विकास के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार हुआ।

दूसरी ओर, शुक्र विपरीत दिशा में चला गया। आज उसकी सतह का तापमान इतना गर्म है कि सीसा पिघल सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि शुक्र पर हमेशा ऐसा नहीं होता था। शुक्र के वायुमंडल में मौजूद नाइट्रोजन और कार्बन डाइऑक्साइड की प्रचुरता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने निष्कर्ष निकाला है कि लगभग 4.5 अरब से 3.5 अरब साल पहले ग्रह के निर्माण के कुछ समय बाद शुक्र पर प्लेट टेक्टोनिक्स रही होगी। शोध पत्र से पता चलता है कि यह प्रारंभिक टेक्टॉनिक हलचल पृथ्वी की तरह प्लेटों के हिलने की संख्या और उनके खिसकने की मात्रा के संदर्भ में सीमित रही होगी। यह पृथ्वी और शुक्र पर भी एक साथ घटित हो रहा होगा। अध्ययन के प्रमुख लेखक मैट वेलर ने कहा कि इस शोध से बड़ी तस्वीर यह उभरती है कि सौरमंडल में एक ही समय में प्लेट टेक्टोनिक के अंतर्गत संचालित होने वाले दो ग्रह थे। टेक्टोनिक्स का वही रूप था जो पृथ्वी जैसे जीवन को संभव बनाता है। नया अध्ययन प्राचीन शुक्र पर सूक्ष्मजीवी जीवन की संभावना को बढ़ाता है और यह दर्शाता है कि अतीत में किसी बिंदु पर पृथ्वी और शुक्र ज्यादा समान रहे होंगे। नासा का आगामी दाविंची मिशन शुक्र के वायुमंडल में गैसों को मापेगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग प्रदर्शनी का समापन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में, दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित पेंटिंग्स के चयनित चित्रों की प्रदर्शनी का समापन समारोह, 29 दिसम्बर 2023 को संध्याकाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद विनायके के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ प्रमोद बिनायके द्वारा, दिव्यांग बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ प्रमोद विनायके ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए लिखा कि विशेष बच्चों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया गया है, मै इनकी सराहना करता हूँ। पुरुस्कार वितरण समारोह के दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि यह प्रदर्शनी देखने का अवसर मिलाद्य इस प्रदर्शनी में बच्चों की मेहनत और साथ ही इनके शिक्षकों और माता-पिता का भी योगदान भी सराहनीय है। दिव्यांग बच्चों की परवरिश में हमें त्ेम्ड। पद्धति को अपनाना चाहिए जिसके अंतर्गत रिहैबिलिटेशन, एजुकेशन- अच्छी शिक्षा, स्किल आइडेंटीफ्किेशन- बच्चों का कौशल विकास, मोटिवेशन- उत्साहवर्धन तथा अप्रिसिएशन- उनकी प्रशंसा करना शामिल हैद्य इससे हम दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित कर सकते हैं। यह प्रदर्शनी प्रतिभावान बच्चों की प्रशंसनीय, सुंदर नवोन्मेशी पेंटिंग्स का साक्ष्य है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में लाटरी से होगा आवास आबंटन

**भिलाई।** निगम भिलाई क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहर में किरायेदारी के रूप में निवासरत व बेघर परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी (एएचपी) किफायती आवास ''मोर मकान-मोर आस'' एवं ''मोर मकान-मोर चिन्हारी'' घटक अंतर्गत भिलाई में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर स्थल पर 3 जनवरी 2024 को प्रातः 11:00 बजे वार्ड क्रं. 40 शहीद चुम्मन यादव छावनी मंगल बाजार में आवासो का आबंटन लॉटरी पद्वती से किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री पहुंचे बिरहोर परिवारों के बीच, चर्चा कर जाना उनका हाल

# बिरहोर जनजाति के लोगों को मिले उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और आयुष्मान कार्ड

### राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बिरहोरों से ली प्रधानमंत्री जनमन योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सबसे पिछड़ी विशेष जनजातियों के समुचित विकास के लिए चलाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन योजना की जमीनी हकीकत जानने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के लैलुंगा विकासखंड के ग्राम भुईंयापानी पहुंचे। उन्होंने यहां छत्तीसगढ़ की विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल बिरहोर परिवारों से रूबरू होकर उन्हें इस योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली।






मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बिरहोर परिवारों से अलग-अलग बातचीत कर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं के बारे में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आप सभी के विकास के लिए सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। इसके लिए उन्होंने जो जनजातियां विशेष रूप से पिछड़ी हैं उनके लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना शुरू की है। इसका लाभ आप लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं, इसे जानने मैंने आप लोगों के बीच भुईंयापानी आने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश की 5 विशेष पिछड़ी जनजातियों में बिरहोर जनजाति भी शामिल है।

आज बिरहोरों की संख्या बहुत कम है, रायगढ़ जिले में इनकी जनसंख्या करीब 1100 है। पीएम जनमन योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ आयुष्मान कार्ड, उज्ज्वला योजना सहित शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना में आप लोगों के लिए गैस चूल्हा से लेकर मकान तक सारी योजना सरकार के पास हैं, हम इनका लाभ आप सभी को देंगे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हितग्राहियों को पीएम जनमन योजना के अंतर्गत उज्ज्वला योजना में गैस कनेक्शन, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान भारत योजना का कार्ड वितरित किए।

#### नन्हीं अंजू को दुलारा, कहा खूब पढ़ाई करो बेटा

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर उपस्थित बिरहोर जनजाति के लोगों को उपहार भी भेंट किए। उन्होंने नन्हीं अंजू से बात की और उसे पास बुलाकर दुलारा। उन्होंने अंजू से पूछा कि वो कौन सी क्लास में पढ़ती है। अंजू ने बताया कि वो दूसरी कक्षा में है। मुख्यमंत्री श्री साय ने बिरहोर समुदाय के लोगों से कहा कि बच्चों को खूब पढ़ाइये। जितना ज्यादा पढ़ेंगे, ये बच्चे उतनी ही तरक्की करेंगे।

आठवीं तक पढ़ी बिरहोर युवती उर्मिला, मुख्यमंत्री ने रोजगार उपलब्ध कराने के दिये निर्देश- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने पहुंची उर्मिला से उन्होंने पूछा कि सरकार की किन योजनाओं का लाभ मिला है। उर्मिला ने बताया कि उसका राशन कार्ड अभी बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अगले पांच सालों तक निःशुल्क चावल देने का निर्णय लिया है। उर्मिला से मुख्यमंत्री ने पूछा कि पढ़ाई कहां तक हुई है। उर्मिला ने बताया कि आठवीं तक पढ़ी हूँ। मुख्यमंत्री ने इस पर बहुत खुशी जताई। मुख्यमंत्री ने चर्चा में कहा कि बिरहोर आबादी इस जिले में 1100 के आसपास है। सरकार के साथ ही वनवासी कल्याण आश्रम ने भी शिक्षा के लिए काफी काम किया है। मुझे खुशी है कि हम लोग भी इस दिशा में कार्य करते थे क्योंकि आगे बढ़ने के लिए शिक्षा सबसे जरूरी है। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को कहा कि उर्मिला ने विषम परिस्थितियों के बाद भी आठवीं तक की पढ़ाई कर ली है, अब इसके रोजगार की व्यवस्था कीजिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने घासीराम से भी चर्चा की। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में घासीराम से पूछा। घासीराम ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे दस लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज हो जाएगा। घासीराम से मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे अधिकारी आपके पास आते रहेंगे। आपको किसी भी तरह की समस्या हो, उन्हें बताइये, वे इसे अवश्य हल करेंगे।

#### मिला योजनाओं का लाभ

भुईंयापानी में आज बिरहोर जनजाति के घासीराम बिरहोर, बिमला बिरहोर, सुकनी बिरहोर एवं किरण बिरहोर के आयुष्मान कार्ड बनाये गये। इस तरह किरण बिरहोर, करीना बिरहोर, कन्दरू बिरहोर, सुनीता बिरहोर एवं आकाश बिरहोर के आधार कार्ड बनाये गये। साथ ही उर्मिला बिरहोर, सुकनी बिरहोर, सजाराम बिरहोर, अनिता बिरहोर, पंचराम बिरहोर एवं परमिला बिरहोर के राशन कार्ड बनाये गये। फुलवती बिरहोर, नान्हीबाई बिरहोर एवं सोहरिन बिरहोर के उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन के कार्ड बनाए गए।

सुकनी एवं नान्हीबाई बिरहोर के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 9 केन्द्रीय मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सर्वांगीण विकास के लिए किया जाना है। इन योजनाओं में पक्के घर, पक्की सड़क, नल से जल-समुदाय आधारित पेयजल, छात्रावासों का निर्माण, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण, बहुउद्देशीय केन्द्रों का निर्माण, घरों का विद्युतीकरण (ग्रिड तथा सोलर पावर के माध्यम से), वनधन केन्द्रों की स्थापना, इंटरनेट तथा मोबाइल सर्विस की उपलब्धता और आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास शामिल हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: 2061 लाभार्थियों ने शिविर के माध्यम से साझा किए अपना अनुभव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली डिजीटल रथ जिले के गांव-गांव पहुंचकर केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रही है। इस दौरान गांवों में शिविर भी लगाये जा रहे है, जहां विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित भी कर रही है।

इसी क्रम में अब तक जिले के 114 ग्राम पंचायतों में शिविर लगाये गये है, जहां 2061 ऐसे लाभार्थी शिविर के माध्यम से सामने आये जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला और उन्होंने मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से शिविर में उपस्थित अन्य लोगों को अपना अनुभव साझा करते हुए योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इसी तरह अब तक शिविर के माध्यम से 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य कैम्प के माध्यम से निःशुल्क स्क्रीनिंग किया गया।




विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और उन्हें लाभान्वित करना है। इसको देखते हुए जिले के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्र सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन आज जिले के धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-अलोला एवं विजयनगर, घरघोड़ा के पतरापाली एवं रूमकेरा, खरसिया के बरभौना एवं गुरदा, लैलूंगा के सरडेगा एवं पहाड़ लुड़ेग, पुसौर के बिंजकोट एवं एकताल, रायगढ़ के भगोरा एवं अड़भाल तथा विकासखण्ड तमनार के ग्राम-मौहापाली एवं बरपाली में किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आज अलग-अलग विभागों द्वारा केन्द्र सरकार की योजनाओं का स्टॉल लगाए गए थे। जहां मौके पर पात्र परिवारों को उज्जवला योजना का लाभ दिया गया। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता प्रमाण-पत्र, तो कई लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड दिया गया। इसी तरह केन्द्र सरकार की विभिन्न 17 जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया और उसका लाभ लेने के प्रति उन्हें जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और केन्द्र सरकार की जन हितकारी योजनाओं के बारे में जानने के साथ-साथ उसका लाभ भी उठाया।

इस दौरान शिविर आयोजन वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप लगाकर शिविर में आए 29 हजार 15 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। जहां टीबी, गैर संचारी रोग, मधुमेह, सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई।

# कोविड-19 के नियंत्रण के लिए बैठक में दिये आवश्यक निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नया रायपुर द्वारा जारी निर्देश के संदर्भ में कोविड-19 के संक्रमण की संभावनाओ को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आयुक्त रोहित व्यास एवं कोरोना महामारी नियंत्रण दुर्ग के नोडल अधिकारी डॉ. सी.बी.एस बंजारे ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि देश के अन्य राज्यों में कोविड-19 के बढ़ते प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कोविड-19 के रोकथाम एवं प्रबंधन किये जाने हेतु संक्रमण की त्वरित पहचान, जॉच एवं उपचार किया जाना आवश्यक हैं जिले की स्वास्थ्य संस्थाओ की ओ.पी.डी. में सर्दी, खांसी, बुखार के लक्षणों के साथ आने वाले रोगी एवं एसएआरआई के भर्ती मरीजों का शत-प्रतिशत कोविड जॉच अनिवार्य रूप से किया जाना है। संक्रमण की संभावना वाले व्यक्ति का आरटीपीसीआर विधि से जॉच किया जाना होगा।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश के सभी जिलो को निर्देशित किया है कि वर्तमान में भारत के कुछ राज्यो में कोविड संक्रमण में वृद्धि दर पायी गई है, यघपि कोविड-19 को संक्रमण नियंत्रण में है, परन्तु कोविड-19 का विषाणु के संक्रमण के प्रसार पर निगरानी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। आगामी नववर्ष एवं त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए कोविड गाईडलाईन के अनुसार दो गज दुरी, मास्क की अनिवार्यता जैसे नियमो का पालन नागरिको से करवाना होगा। जिले के प्रत्येक शासकीय एवं निजी चिकित्सालयो में कोविड-19 के क्रियाशीलता दवाओ की उपलब्धता एवं अन्य तैयारियो की आकलन के लिए मॉकड्रिल किया जायेगा। दुर्ग जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय, सुपेला अस्पताल आदि स्थानो पर कोविड-19 के जॉच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। भिलाई क्षेत्र के नोडल डॉ, पियान सिंह, सीपीएम तुषार वर्मा, रितिका सोनवानी के साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा निगम के अधिकारी कर्मचारी एवं निगम क्षेत्र के विभिन्न अस्पतालो के कर्मचारी उपस्थित थे।

# भाजपा छत्तीसगढ़ का विकास और जनता के हित के लिए कार्य करने वाली पार्टी : शर्मा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खारा, निवासपुर, उसरवाही, लोहारीडीह, भेलवाटोला, खम्हरिया में जनसंपर्क कर लोगों से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने बड़ी संख्या में पहुँचकर उपमुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत शर्मा ने क्षेत्र की जनता का आभार माना। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने शर्मा को अपनी समस्याओं से अवगत भी कराया।



इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा की जनता ने जो आशीर्वाद दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूँ। अब हमें कवर्धा के विकास के लिए मिलकर कार्य करना है और सरकार की सभी योजनाओं का लाभ कवर्धा की जनता को मिले और उनकी ज़रूरतें भी पूरी हो, इस दिशा में कार्य करना है। कांग्रेस राज के दौरान कवर्धा में जो अशांति फैली हुई थी, उसे दूर कर अब हमें मिलकर कवर्धा सहित पूरे छत्तीसगढ़ का विकास करना है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ पूरी जनता को मिले इसके लिए भी हमें कार्य करना है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही भाजपा ने जो घोषणाएँ की हैं, उन्हें पूरा करना प्रारंभ कर दिया गया है। सबसे पहले प्रदेश में लंबित 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा करने की दिशा में राज्यांश देने की घोषणा करके प्रदेश की गरीब जनता को पक्की छत देने का अनुकरणीय कार्य किए हैं। यह मोदी की गारंटी है जिसकी पूरी होने की पूरी गारंटी है।

2 वर्षों के धान का बकाया बोनस भी 25 दिसंबर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस 'सुशासन दिवस' के दिन प्रदेश के किसानों के खातों में सीधा भुगतान कर प्रदेश के किसानों को समृद्ध करने की दिशा में एक बहुत बड़ी पहल की है।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...





### छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूलः मार्च-अप्रैल परीक्षा 2024 प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

01 जनवरी से 15 जनवरी तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन फॉर्म होंगे जमा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा 2024 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 है। इस निर्धारित तिथि के पश्चात 01 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्रों में बिना विलंब शुल्क के 31 दिसम्बर 2023 तक जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाईट https://www.sos.cg.nic.in/ में उपलब्ध है। इसके साथ ही राज्य कार्यालय की पोर्टल में जाकर छात्र इस वर्ष से ऑनलाईन प्रवेश आवेदन भर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों के अपलोड कर भुगतान कर सकते हैं। पूर्ण भरे हुए ऑनलाईन आवेदन फॉर्म एवं संलग्न दस्तावेजों का प्रिन्ट आउट ले जाकर अपने चयनित अध्ययन केन्द्र में जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कराए। दस्तावेज एवं शुल्क की पावती अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते हैं।

### रबी फसलों के बीमा के लिए 01 जनवरी तक आवेदन



**रायपुर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 हेतु फसलों का बीमा कराने के लिए किसान अब 01 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग द्वारा आज जारी आदेश के तहत उक्त दोनों बीमा योजनाओं के अंतर्गत रबी फसलों का बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित थी, किन्तु 31 दिसम्बर को सार्वजनिक अवकाश रविवार होने के कारण बीमा हेतु आवेदन करने की तिथि को एक दिन बढ़ाकर 01 जनवरी 2024 कर दिया गया है।

# च्वाइस सेंटर में जमा कर सकेंगे संपत्ति कर, निगम प्रशासन ने बकाएदारों के लिए शुरू की यह योजना

## तैयार माड्यूल का 50 से अधिक संचालकों को दिया गया प्रशिक्षण

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के 70 वार्डों में बकाया संपत्तिकर का भुगतान करने के लिए निगम प्रशासन ने सुविधा उपलब्ध कराई है। अब शहर के किसी भी च्वाइस सेंटर में संपत्तिकर का भुगतान किया जा सकता है। च्वाइस सेंटर के 50 से अधिक संचालकों को निगम के अधिकारियों ने तैयार माड्यूल का प्रशिक्षण दिलाया।



निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, उपायुक्त राजस्व डॉ. आरके डोंगरे सहित सभी जोनों के सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आइटी विशेषज्ञ रंजीत रंजन ने शहर के च्वाइस सेंटर संचालकों को संपत्तिकर संग्रहण की प्रक्रिया के लिए तैयार माड्यूल की जानकारी दी।

उन्हें च्वाइस सेंटर में आने वाले संपत्ति करदाताओं से कर लेने की निगम की आनलाइन भुगतान प्रणाली, करदाता की आइडी सर्च करने के साथ ही बकाया कर की राशि की जानकारी देने को कहा। करदाता नागरिक यदि चाहें, तो संपत्तिकर का नकद भुगतान भी च्वाइस सेंटर में कर सकेंगे।

ऐसे प्रकरण आने पर नकद लेकर डिजिटल भुगतान निगम की प्रणाली में कर दिया जाएगा। कर भुगतान होते ही उसकी रसीद सिस्टम से जनरेट हो जाएगी, जिसे प्रिंट कर करदाता को संचालक अपनी सील लगाकर और हस्ताक्षर करके देंगे। डिजिटल भुगतान सिस्टम में आने वाले सभी माध्यमों से शहर का कोई भी संपत्तिकर दाता च्वाइस सेंटर जाकर अपना बकाया कर का आसानी से भुगतान कर सकेगा।

पारदर्शिता से होगा कर संग्रहण निगम की राजस्व विभाग की ऑनलाइन संपत्तिकर भुगतान प्रणाली के आधार पर कर संग्रहण करने का काम पूरी पारदर्शिता से होगा। इसमें एरर की संभावना भी नहीं रहेगी। यह सुविधा शुरू होने से करदाता को अपने घर के पास ही कर भुगतान की सुविधा प्राप्त हो सकेगी। आने वाले दो-तीन दिनों के भीतर शेष 30 से अधिक च्वाइस सेंटर संचालकों को प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रत्येक वार्ड में कम से कम एक च्वाइस सेंटर को अधिकृत करने की भी कोशिश की जाएगी।

### 11 लाख 61 हजार हेक्टेयर में हो चुकी रबी फसलों की बुआई

**रायपुर।** राज्य में रबी फसलों की बुआई तेजी से जारी है। अब तक 11 लाख 61 हजार हेक्टेयर में विभिन्न रबी फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कि इस साल बुआई के लिए निर्धारित 19 लाख 25 हजार हेक्टेयर रकबे का 60 प्रतिशत है। बीते वर्ष रबी सीजन में 18 लाख 61 हजार हेक्टेयर में रबी फसलों की बोनी हुई थी। इस साल ग्रीष्मकालीन धान की बुआई का लक्ष्य शून्य कर दिया गया है, जबकि बीते वर्ष रबी सीजन में 02 लाख 4 हजार हेक्टेयर में किसानों ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चालू रबी सीजन में गेहूं, मक्का, रागी, जौ और टाऊ की खेती का लक्ष्य 01 लाख 76 हजार निर्धारित किया गया है, इसके विरूद्ध अब तक 35 हजार 400 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है। दलहन फसलों के लिए निर्धारित 8 लाख 70 हजार हेक्टेयर में बुआई के लक्ष्य के विरूद्ध 6 लाख 38 हजार 650 हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोनी हो चुकी है, जो कि लक्ष्य के 73 प्रतिशत है।

# आरडीए के एलआईजी फ्लैट्स, आवासीय व्यावसायिक भूखंडों की लोगों में भारी मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कौशल्या माता विहार, इन्द्रप्रस्थ फेस-2 एवं डॉ. खूबचंद बघेल ट्रांसपोर्ट नगर, रांवाभाठा में उपलब्ध आवासीय, व्यावसायिक भूखंड, रो-हाउस एवं एलआईजी फ्लैट्स जैसी संपत्तियों की लोगों के बीच भारी मांग है। इन सभी योजनाओं के आवासीय, व्यावसायिक भूखंड, रो-हाउस एवं एलआईजी फ्लैट्स के विक्रय के लिए शुक्रवार 28 दिसंबर 2023 तक निविदा बुलाई गई थी। जिसमें कुल 177 प्राप्त निविदा में 97 निविदा सफल हुई हैं। सभी सफल 97 निविदा द्वारा कुल 18.66 करोड़ रुपये की राशि आरडीए को प्राप्त हुई है।

इन्द्रप्रस्थ फेस-2 में एलआईजी फ्लैट्स हेतु 97 निविदा प्राप्त हुई, जिसमें से 36 निविदा सफल हुई, जिससे 4.57 करोड़ रूपये आरडीए को प्राप्त हुआ है। इसी तरह कौशल्या माता विहार में एलआईजी फ्लैट्स हेतु प्राप्त 63 निविदा में 47 निविदा सफल हुई, जिससे 7.08 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कौशल्या माता विहार के सेक्टर-10 स्थित एलआईजी 3 बीएचके फ्लैट्स फ्लैट्स की ऑफ सेट दर 13.91 लाख रूपये है, जो कि निविदा में 19.07 लाख रूपये में बिका। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू द्वारा जानकारी दी गई है कि आरडीए की विभिन्न योजनाओं के शेष बचे आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड तथा एलआईजी फ्लैट्स के विक्रय हेतु हर माह के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को फिर से निविदा आमंत्रित की जाएगी। निविदा द्वारा ऑफसेट दर से अधिक दर पर आवासीय एवं व्यावसायिक भूखंड तथा फ्लैट्स का विक्रय किया जाता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण की विक्रय की जाने वाली सभी संपत्तियों के लिए कोई भी एजेंट, दलाल या ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। संपत्तियों की जानकरी हेतु कार्यायल रायपुर विकास प्राधिकरण की मार्केटिंग शाखा में संपर्क कर संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में 1480 बच्चों को कराया गया स्वर्ण अमृत प्राशन

आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में 0-16 वर्ष के बच्चों को कराया जाता है स्वर्णप्राशन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** बच्चों के व्याधिक्षमत्व, पाचन शक्ति, स्मरण शक्ति, शारीरिक शक्तिवर्धन एवं रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय रायपुर में 1480 बच्चों को स्वर्ण अमृत प्राशन कराया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय के कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। महाविद्यालय के चिकित्सकों डॉ. नीरज अग्रवाल और डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने स्वर्णप्राशन के लिए आए बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय परिसर में प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण कुमार जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। स्वर्णप्राशन समन्वयक डॉ. लवकेश चन्द्रवंशी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यह काफी लाभदायक है। महाविद्यालय के स्नातकोत्तर एवं स्नातक छात्र-छात्रएं हर महीने इसमें महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष की अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 9 जनवरी को 831, 4 फरवरी को 1124, 3 मार्च को 1137, 29 मार्च को 1290, 27 अप्रैल को 860, 24 मई को 835, 20 जून को 1012, 18 जुलाई को 1145, 14 अगस्त को 1188, 10 सितम्बर को 1140, 7 अक्टूबर को 1270, 4 नवम्बर को 1261 और 1 दिसम्बर को 1245 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया था।

# रेसीडेंशियल स्कूल के छात्रों के दल ने देखी अटल जी पर लगाई गई प्रदर्शनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित नालंदा परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की छत्तीसगढ़ से जुड़ी स्मृतियों तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित होते छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को दर्शाने के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के अवसर पर किया था। इस मौके पर अटल जी के व्यक्तित्व पर आधारित डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि अटलबिहारी बाजपेयी ने अपने प्रधानमंत्री काल के दौरान ,प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लागू कर गांवों को सड़कों से जोड़ने रोड कनेक्टिविटी बढ़ाई।

## सुशासन दिवस के अवसर पर लगाई गई है जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शनी






आकांक्षा रेसिडेंशियल स्कूल जांजगीर के छात्रों का एक दल रायपुर भ्रमण पर आया हुआ है जिन्होंने छायाचित्र प्रर्दशनी का अवलोकन किया। स्कूल के प्राचार्य विक्रांत साहू ने बताया कि संस्था के छात्रों का एक दल रायपुर स्थित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एन आई टी) में टेक्निकल विजिट पर आया हुआ है उन्हें जब फोटो प्रदर्शनी की जानकारी मिली तो वे यहां पहुंचे। विद्यार्थीगण अटल जी से जुड़ी स्मृतियों से रूबरू हुए। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने उत्साह के साथ आ रहे हैं। रायपुर निवासी ओमप्रकाश नायक, सूर्यकांत चेलक, सुश्री दीप्ति गोयल, सुश्री अदिति चौधरी, सुश्री आंचल त्रिपाठी ने कहा कि वे नालंदा लाइब्रेरी में प्रतिदिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने आते हैं। बलौदाबाजार जिले के ग्राम लाहौद निवासी देवेन्द्र पटेल यहां रायपुर में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि छायाचित्र प्रदर्शनी की जानकारी मिली तो यहां आकर बहुत अच्छा लगा। केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी मिली। इसी प्रकार रायपुर के अभिनव सोनी एवं जागेश्वर ठाकुर पीएससी की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने भी कहा कि प्रदर्शनी में अटल जी के प्रधानमंत्री काल के दुर्लभ फोटोग्राफ दिखाये गये हैं। प्रदर्शनी 31 दिसम्बर तक आम जनता के अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्या वजन कम करने के लिए आप भी दिन दिनभर रहते हैं भूखे, अगर हां तो हो जाएं सावधान

ज्यादातर लोगों का यही मानना है कि भूखे रहने से उनका वजन कम होता है। इसलिए वजन घटाने के लिए वे दिन में काफी कम और एक बार ही खाना खाते हैं। इससे वजन कम भी होता है, इसलिए डाइटिंग में इस आदत का ट्रेंड भी बढ़ रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कई गंभीर नुकसान भी हो सकते हैं। खाना स्किप करने या भूखे पेट रहने से वजन तो कम हो जाता है लेकिन कई तरह की गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। आइए जानते हैं क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स।



## क्या वजन कम करना सेहत के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वेट लॉस के लिए कम खाना खाना कभी भी अच्छा विकल्प नहीं रहा है। इस तरह से वजन घटाना सेहत के लिए खतरनाक और हानिकारक हो सकता है। ऐसा भी जरूरी नहीं कि हर व्यक्ति कम खाकर ही अपना वजन कम करता है। 10 में से 8 केस में ऐसा हो भी सकता है लेकिन इस तरह के तरीकों को आजमाना शरीर के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

## एक्सपर्ट का क्या कहना है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, वजन कम होना इस बात पर निर्भर करता है कि दिन में आप कितनी कैलोरी ले रहे और कितनी बर्न कर रहे हैं। कैलोरी इनटेक ज्यादा होने और सही तरह बर्न न होने पर वजन बढ़ता है। कम खाकर वजन कम करने का तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरीके से शरीर में पोषण तत्वों की कमी हो सकती है। कम खाना खाने से शरीर कमजोर हो सकता है और कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा करने से शरीर का इम्यून सिस्टम भी कमजोर होता है। डाइटिंग की वजह से कई विटामिन और प्रोटीन की कमी भी हो जाती है। ऐसे में कुपोषण का डर भी बना रहता है। ऐसे कई मामले आ भी चुके हैं। कई बार वजन कम करने की सनक परेशानी में भी डाल सकती है। इसलिए इस तरह के तरीकों से वजन कम करने की नहीं सोचनी चाहिए।

## वजन कम करने का अच्छा तरीका क्या है

एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आप अपना वजन घटाना ही चाहते हैं तो इसका सबसे अच्छा तरीका एक्सरसाइज करना होता है। ज्यादा खाना खाते हैं तो भी एक्सरसाइज करते रहें। इससे फैट और कैलोरी बर्न होती रहेगी और वजन नहीं बढ़ेगा। हर किसी को रोजाना कम से कम 15 मिनट तक एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए।

# प्रभास की सालार के तूफान से सहमी डंकी, आठवें दिन घट गई शाहरुख खान की फिल्म की कमाई

शाहरुख खान की लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'डंकी' भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सालार के कहर के बावजूद अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है। हालांकि फिल्म की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं हो रही है। ये फिल्म शाहरुख खान की इस साल की दो सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों पठान और जवान के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर धीमा परफॉर्म कर रही है। चलिए यहां जानते हैं 'डंकी' ने रिलीज के आठवें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' को प्रभास की सालार से जबरदस्त टक्कर मिल रही है। सालार के आगे 'डंकी' कोई खास परफॉर्म नहीं कर पा रही है। इस फिल्म को रिलीज हुए आठ दिन हो चुके हैं और ये 200 करोड़ का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाई है। फिल्म की कमाई की बात करें तो 'डंकी' ने रिलीज के पहले दिन 29.20 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 20.12 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 25.61 करोड़ रुपये, चौथे दिन 30.70 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 24.32 करोड़ रुपये, छठे दिन 11.56 और सातवें दिन 10.50 करोड़ रुपये कमाए। वहीं अब इस फिल्म के भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के आठवें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं जो काफी निराशाजनक है। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के आठवें दिन यानी दूसरे गुरुवार को 9.00 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ 'डंकी' ने रिलीज के आठ दिनों में 161.01 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।

'डंकी' घरेलू बाजार में बेशक खास परफॉर्म नही कर पा रही है लेकिन दुनियाभर में शाहरुख खान की फिल्म का क्रेज दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसी के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड छप्परफाड़ कमाई कर रही है। फिल्म ने दुनियाभर में 305 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है।



# इन कारणों से पेरेंट्स को इग्नोर करने लगते हैं बच्चे, समय रहते कर लें खुद में सुधार

आजकल माता-पिता अपने बच्चों से शिकायत करते हैं कि वे परिवार के साथ रहने की बजाय अकेले रहना पसंद करते हैं। ऐसे बच्चे अक्सर अपने माता-पिता के साथ बातचीत करने और अपनी भावनाओं को साझा करने से हिचकिचाते हैं। जिसके कारण माता-पिता उनके विचारों को समझने में असमर्थ होते हैं और उनसे दूर हो जाते हैं। यदि आपके परिवार में भी बच्चे इस तरह से आपसे व्यवहार करते हैं, तो समय पर सतर्क हो जाएं।

**तुलना ना करें:-** यदि आप भी उन माता-पिता में से एक हैं जो अक्सर अपने दोनों बच्चों में से एक को दूसरे के जैसा बनने के लिए कहते हैं, तो तुरंत अपनी यह आदत बदलें। आपका ऐसा करना बार-बार आपके बच्चे को यह अहसास करा सकता है कि आप उसके भाई या बहन से उससे ज्यादा प्यार करते हैं।

**माता-पिता से भावनात्मक दूरी:-** कई बार कुछ बच्चे अपने माता-पिता की एक भी आलोचना को नजरअंदाज नहीं कर पाते हैं। ऐसे बच्चों के माता-पिता के लिए हमेशा अपने बच्चों के व्यवहार पर नजर रखना मुश्किल हो जाता है। बचपन की इरादा भरी नफ़रत बच्चों को इसे अपने माता-पिता से भावनात्मक दूरी बना देती है।

**जीवनसाथी पर टिप्पणी:-** बच्चे का विवाहित जीवन पहले के तुलना में थोड़ा अलग हो जाता है। इस तरह की स्थिति में, उसके जीवनसाथी पर कोई भी टिप्पणी करना आपके लिए गलत हो सकता है, लेकिन उसके लिए यह अपमानजनक महसूस हो सकता है। जिससे वह आपसे दूर हो सकती है।

**गलतियों से सीखने का मौका:-** कई बार माता-पिता हर बात के लिए अपने बच्चों को रोकने और सलाह देने में लगे रहते हैं। वे इसे अपना अधिकार और कर्तव्य मानते हैं लेकिन आप उन्हें हमेशा बिना पूछे सलाह देना, खासकर जब वे अपने निर्णय ले सकते हैं। आपकी सलाह अच्छी हो सकती है, लेकिन कभी-कभी यह बेहतर होता है कि आप एक कदम पीछे हटें और अपने बच्चों को अपनी गलतियों से सीखने का मौका दें।

# गन्स एंड गुलाब्स के सीजन 2 की हुई घोषणा

साल 2023 में रिलीज हुई राजकुमार राव और दुलकर सलमान की क्राइम कॉमेडी वेब सीरीज गन्स एंड गुलाब्स ने ओटीटी पर जमकर गर्दा उड़ाया था। दर्शकों की तरफ से नेटफ्लिक्स के इस सीरीज को खूब पसंद किया गया। वहीं अब इसका दूसरा सीजन भी जल्द रिलीज होने जा रहा है।

मशहूर निर्देशक राज और डीके ने गन्स एंड गुलाब्स के दूसरे सीजन की घोषणा कर दी है। नेटफ्लिक्स ने एक सोशल मीडिया पर इसका अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है, जो बेहद मजेदार है। इसे शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है कि खाली हाथ नहीं, गन्स एंड गुलाब्स का नया सीजन लेकर आए हैं।

वहीं एक बार फिर राजकुमार राव पाना टीपू के किरदार में लोगों को एंटरटेन करते हुए नजर आने वाले हैं। बता दें कि गन्स एंड गुलाब्स का दूसरा सीजन भी राव और राज एंड डीके टीम को तीसरी बार एक साथ लाएगा। राजकुमार राव ने पहले कहा था कि उन्हें फिल्ममेकर डुओ के साथ काम करने में मजा आया क्योंकि वे अनकन्वेंशनल और लीक से हटकर कॉन्टेंट बनाते हैं। राव ने शो के पहले सीज़न में यादगार पाना टीपू के किरदार के लिए कई बेस्ट एक्टर और परफॉर्मर ऑफ द ईयर अवॉर्ड्स जीत चुके हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिली है कि वेब सीरीज का दूसरा सीजन कब रिलीज होगा।



# जाह्नवी कपूर ने स्किन-टाइट रेड आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट

जाह्नवी कपूर अपनी फिल्मों को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। अपनी फिल्मों के अलावा एक्ट्रेस अपने स्टाइल और ग्लैमरस अदाओं की वजह से भी सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। अब फिर एक्ट्रेस की अदाएं इंटरनेट का पारा हाई कर रही हैं। जाह्नवी नया सिजलिंग फोटोशूट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस का पहले से काफी अलग और स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है। जाह्नवी ने फैंस के साथ अपना नया लुक शेयर किया है। लेटेस्ट फोटोज में एक्ट्रेस लेदर वाली रेड बॉडी टाइट ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। जाह्नवी ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड शाइनी लिप्स और स्मोकी ग्लिटरी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ जाह्नवी ने अपने बालों को ओपन रखा हुआ है। इस फोटोशूट के दौरान जाह्नवी ने पानी की बूंदों के बीच भीगते हुए कैमरे के सामने पोज दिए हैं। जाह्नवी इस लुक में बेहद खूबसूरत, अट्रैक्टिव और हॉट दिख रही हैं। उनके ग्लैमरस लुक के साथ-साथ फैंस की नजरें एक्ट्रेस के कर्वी फिगर पर टिकी रह गई हैं। अब जाह्नवी का ये नया फोटोशूट काफी वायरल होने लगा है। फैंस ने उन पर प्यार लुटाते हुए खूब कमेंट्स किए हैं। वहीं, कुछ ही देर में एक्ट्रेस की फोटोज पर लाखों लाइक्स आ चुके हैं, जो हर मिनट तेजी से बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर जाह्नवी के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उन्हें लगातार कई बड़ी फिल्मों के लिए साइन किया जा रहा है। काफी समय से एक्ट्रेस मिस्टर एंड मिसेज माही टाइटल से बन रही फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इसके बाद उन्हें देवरा और उलझ जैसी फिल्मों में भी देखा जाएगा।

# मां सलमा आगा के नक्शेकदम पर चलना चाहती हैं जहरा खान




एक्ट्रेस और सिंगर जहरा खान ने इस साल की अपनी यात्रा को याद करते हुए इसे अविश्वसनीय बताया और कहा कि वह कैसे अपनी मां सलमा आगा की तरह सफल होना चाहती हैं। जहरा पाकिस्तानी सिंगर और एक्ट्रेस सलमा आगा की बेटी हैं, जिन्होंने 80 और 90 के दशक में पाकिस्तानी और भारतीय फिल्म उद्योग दोनों में काम किया था।

जहरा के पिता रहमत खान एक स्क्वैश प्लेयर थे। सलमा को निकाह, ऊंचे लोग, जंगल की बेटी, पांच फौलादी और अन्य फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। ज़हरा को कुसु कुसु और डांस मेरी रानी जैसे हिट गानों के लिए जाना जाता है। दिवा ने नए साल, आने वाले सालों के लिए योजना बनानी शुरू कर दी है।

जहरा ने कहा, मार्च 2021 में प्रोफेशनल प्लेबैक सिंगर के रूप में इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद से हर साल मैं आगे बढ़ी हूं। इस अनुभव के लिए मैं बेहद आभारी हूं। तब से पीछे मुड़कर नहीं देखा, हर साल प्रोफेशनली रूप से ज्यादा शानदार रहा है। मुझे और ज्यादा काम करने का आशीर्वाद देने के लिए मैं ईश्वर की आभारी हूं।

जहरा ने शेयर किया कि उन्होंने जो कुछ भी चाहा था वह सहजता से साकार होता दिख रहा है, और वह यह देखने के लिए उत्साहित है कि 2024 में क्या होगा। उन्होंने कहा, मैं मार्च तक अपनी फिल्म वृषभ की शूटिंग पूरी करूंगी, इसकी रिलीज 2024 के अंत में होगी। मेरा लक्ष्य ऐसी स्क्रिप्ट पर काम करना है जो प्रत्येक फिल्म के साथ मेरा एक नया पक्ष प्रदर्शित करे। मेरी म्यूजिकल जर्नी इसी लक्ष्य के साथ चलती है। मुझे उम्मीद है कि एक एक्टर और सिंगर दोनों के रूप में मेरी मां ने जो हासिल किया वह हासिल कर सकूंगी।

साल 2023 पर्सनली और प्रोफेशनली रूप से उनके लिए कैसा रहा, इस पर जहरा ने कहा, यह एक अविश्वसनीय साल रहा है, जिसकी शुरुआत जनवरी की शुरुआत में एडवर्ड माया के साथ लव स्टीरियो पर सहयोग के साथ हुई। अक्षय कुमार, मौनी रॉय, दिशा पटानी, स्टेबिन, अपार और सोनम सहित एक उल्लेखनीय टीम के साथ मेरे पहले एंटरटेनर्स टूर पर निकलना आकर्षण था, जिससे अद्भुत दोस्ती को बढ़ावा मिला और मेरी लाइफ में पॉजिटिवी एनर्जी आई। उन्होंने आगे कहा कि लव स्टीरियो पर काम करना एक शानदार एक्सपीरियंस था, खासकर टाइगर श्रॉफ के साथ डांस करना।



# एनिमल में हॉट सीन से गर्दा उड़ाने के बाद तृप्ति डिमरी ने फिर लूटी महफिल इन अदाओं पर ठहर गईं नजरें

एनिमल की रिलीज के बाद से ही तृप्ति डिमरी रातों-रात स्टार बन गई हैं। उन्हें नेशनल क्रश कहा जाने लगा है। आज तृप्ति के फेंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहने लगे हैं। एक्ट्रेस भी चाहने वालों के साथ जुड़ी रहने के लिए सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। अब फिर से तृप्ति ने अपनी स्टनिंग अदाएं दिखाते हुए कई फोटोज शेयर की हैं। इस बार एक्ट्रेस देसी लिबास में नजर आ रही हैं। लेटेस्ट लुक में तृप्ति व्हाइट पर्ल लहंगा पहने हुए नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने डीपनेक डिजाइनर ब्लाउज पेयरअप किया है।

तृप्ति ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड रेड लिप्स और न्यूड आई मेकअप रखा है। वहीं, उन्होंने बालों को हाफ बांधकर मैसी टच दिया है। एक्सेसरीज के तौर पर तृप्ति ने गले में कुंदन का नेकपीस और छोटे-छोटे ईयरिंग्स पहने हैं।

तृप्ति इस एथनिक लुक में बेहद खूबसूरत और हॉट दिख रही हैं। फैंस तो उनकी अदाओं से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं। चाहने वालों ने एक्ट्रेस की तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं। इसके बाद अलावा लोगों ने उन्हें एनिमल के कैरेक्टर के साथ जोड़ते हुए भाभी 2 भी कहा है। कुछ ही समय में तृप्ति की फोटोज पर लाखों लाइक्स फआ चुके हैं, जो तेजी से बढ़ रहे हैं।

दूसरी ओर तृप्ति के वर्क फ्रंट की बात करें तो एनिमल की सफलता के बाद उन्हें कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर्स मिलने लगे हैं। अब जल्द ही उन्हें मेरे महबूब मेरे सनम और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो टाइटल से बन रही फिल्मों में भी नजर आने वाली हैं। फैंस उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी कर रहे बेहतरीन प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** नार्थ-ईस्ट यूनिवर्सिटी जोन तीरंदाजी स्पर्धा का आयोजन 23 दिसंबर से पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में आयोजित हो रहा है। उक्त स्पर्धा में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग एवं पंडित रविवि रायपुर की टीम में भाग ली है। उक्त दोनों यूनिवर्सिटी में संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के 6 खिलाड़ी अलका वर्मा, चांदनी चंद्रवंशी, भूपेन्द्र सिन्हा, राहुल साहू, चंदन साहू, युगल साहू ने कड़ी मेहनत के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित हुए हैं। एनआईएस कोच राहुल साहू ने बताया कि उक्त स्पर्धा में दुर्ग यूनिवर्सिटी की ओर से संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के खिलाड़ी रैंकिंग राउंड में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किए। इंडियन राउंड बालिका टीम से अलका वर्मा, चांदनी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर टीम का स्कोर 1435 बनाने में बेहतरीन सामंजस्य बनाया। इस तरह इंडियन राउंड बालिका टीम टॉप 16 में आकर टीम मैच के लिए क्वालीफाई कर लिए हैं। अब दुर्ग यूनिवर्सिटी की बालिका खिलाड़ी टीम मैच खेलेंगी। जिसमें संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के अलका वर्मा एवं चांदनी शामिल हैं। कोच राहुल साहू ने बताया कि संस्कारधानी तीरंदाजी संघ के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे दुर्ग यूनिवर्सिटी की ओर से खेलते हुए अलका वर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उच्च स्कोर खड़ा किया। इस तरह आल इंडिया यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में 1/16वां रैंक हासिल किया।

### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्र करहीभदर का निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र करहीभदर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र करहीभदर में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्रा एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर शर्मा ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुँचे बुजुर्ग कृषक बालक धनकर एवं महिला कृषक निर्मला बाई सहित अन्य कृषकों को पौधा भेंटकर सम्मान भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मुजगहन के बुजुर्ग बालक धनकर से बातचीत कर उनका हाल-चाल भी जाना। शर्मा ने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि उन्हें समय पर धान बिक्री की राशि प्राप्त हो रही है। शर्मा ने किसानों से धान खरीदी से मिलने वाली राशि के उपयोग तथा वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लंबित धान बोनस राशि प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से धान खरीदी केंद्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने धान खरीदी केंद्र के बेहतर व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने धान खरीदी केंद्र के व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इसके अंतर्गत उन्होंने बारदानों के अवलोकन के अलावा नवीन मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जाँच की। जाँच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया।

# वैशाली नगर की सुरक्षा में होंगे तीन सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे

## विधायक रिकेश ने कंट्रोल रूम में जांचा सेटअप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा और भिलाई शहर के हर प्रमुख चौक चौराहे अब सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगे जिसका कंट्रोल रूम सेक्टर-6 कोतवाली थाना होगा। इसके लिए लगभग सभी तैयारियां और आधुनिक सेटअप का कार्य शुरू हो चुका है। आज इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने तथा कंट्रोल रूम के इस सेटअप को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने के संबंध में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने पुलिस कंट्रोल रूम पहुंच कर यातायात और पुलिस विभाग के अधिकारियों से चर्चा की है।**



विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सर्वसुविधायुक्त आधुनिक सेटअप तैयार करने में वो स्वयं विधायक निधि से फंड देंगे इसलिए जल्द ही कंट्रोल रूम में सीसीटीवी निगरानी कक्ष को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लेस किया जाएगा। इस संबंध में आज से ही पहल शुरू करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। विधायक रिकेश ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुचारू बनाए रखने तथा प्रमुख चौक चौराहों से अपराध कर निकल भागने वालों सहित क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, आरोपियों की जल्द धरपकड़ के लिए यह बेहद कारगर कदम साबित होगा।

पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे विधायक रिकेश सेन? ने मीडिया को बताया कि विधानसभा चुनाव के समय मैंने तय किया था कि सड़क और नाली बनाना ही विकास नहीं होता है, इसलिए वैशाली नगर विधानसभा में एक सौ सत्तर सीसीटीवी मैंने चुनाव लड़ने के बाद चुनाव जीतने के बाद लगाने चालू किए जिसमें सभी चौक चौराहे में सब सीसीटीवी कैमरे लग चुके हैं। मैंने तय किया कि इसका कंट्रोल पावर नगर निगम के पास न होकर पुलिस विभाग के पास होना चाहिए, ट्रैफिक डीएसपी के पास होना चाहिए। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर को कंट्रोलिंग की जिम्मेदारी दी गई है। कंट्रोल रूम में सभी सीसीटीवी कंट्रोलिंग के लिए पूरा कमरा बनाया गया है जिसका मेंटेनेंस का काम नगर निगम के जिसने सीसीटीवी कैमरे लगाए थे उसको ही एक साल के लिए मेंटेनेंस कार्य दिया गया है।

विधायक रिकेश ने सभी भिलाई वासियों से अपील की है कि सभी नागरिकों और शहर की सुरक्षा सर्वोपरि है। अगर हम शौकिया घर पर बड़े बड़े लाखों के एलईडी टीवी खरीद कर लगाते हैं तो अपनी, परिवार की, अपने घर, प्रतिष्ठान की सुरक्षा और शहर को अपराधिक घटनाओं से मुक्त रखने के लिए अपने घर में पांच हजार रुपए का सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवा सकते हैं। इस अभियान में सभी को साथ देना है कि सभी घरों में सीसीटीवी कैमरे लगें, मैंने तो आपने प्रयास से डेढ़ सौ से ज्यादा सीसीटीवी लगवाए हैं और अभी तीन सौ से ज्यादा लगने वाले हैं, अगर सभी व्यापारी और कालोनीवासी इस दिशा में पहल कर अपने घरों में सीसीटीवी लगाते हैं तो हमारे शहर और समाज में कोई भी गलत गतिविधियां नहीं होंगी, इन अंकुश लगेगा साथ ही जो अपराध कारित होंगे, आरोपी जल्द सलाखों के पीछे जाएंगे।

### डिसमेंटल होगा कोसा नाला टोल नाका व भवन, विधायक रिकेश ने अफसरों के साथ किया निरीक्षण, प्रस्ताव बनाने दिए निर्देश



**भिलाई।** नेशनल हाईवे पर कोसा नाला टोल प्लाजा की अनुपयोगिता तथा टोल प्लाजा की वजह से सर्विस लेन दोनों तरफ न होने पर सुचारू यातायात में अड़चन बने टोल प्लाजा को तोड़ने का निर्णय वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर किया जा रहा है। जल्द ही एक से दो महीने के भीतर कोसा नाला टोल प्लाजा को ध्वस्त कर नेशनल हाईवे को यहां भी सुचारू और बेहतर यातायात अनुरूप बनाने विधायक ने आज से पहल शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि आज दोपहर नेशनल हाईवे के सब इंजीनियर जयंत वर्मा और ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर के साथ विधायक रिकेश सेन ने टोल प्लाजा स्थल का निरीक्षण कर जल्द टोल नाका तोड़ कर हटाने और एनएच से लगी सर्विस रोड या दोपहिया वाहन के लिए अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करने प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने इस अवसर पर कहा कि दो महीने के अंदर कोसा नाला टोल प्लाजा तोड़ने का प्रस्ताव हमने बनाया है। बाईस पच्चीस करोड़ के लगभग राशि यहां खर्च कर सर्विस लेन को चौड़ा किया जाना है। टोल प्लाजा हटने से सर्विस लेन के लिए पर्याप्त जगह तैयार कर चौड़ीकरण करेंगे और यातायात और ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करेंगे। मैंने एनएच के अधिकारियों को बुलाया और ट्रैफिक डीएसपी और पुलिस प्रशासन को बुलाकर इस जगह का मुआयना किया है और दो महीने के अंदर काम चालू हो जाएगा।

प्रधानमंत्री जनमन योजना

## अचानकपुर गांव पहुंच कर विशेष पिछड़ी जनजातियों को किया जागरुक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रशासनिक अमला ज़िले के विशेष पिछड़ी जनजातियों को पोषण चौपाल के माध्यम से जागरूक कर कर रहा है। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पूरा प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला पारा एवं घर द्वार तक पहुंच कर बड़ी सरलता एवं आत्मीयता से पोषण चौपाल लगाकर विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत करा रहे हैं।

कलेक्टर प्रभात मलिक ने शासन की मंशानुरूप प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जिले में विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिविर लगाकर समस्याओं से अवगत होने निर्देश दिए हैं ताकि चिन्हांकित सभी विशिष्टत: असुरक्षित जनजातीय समूहों' (पी.वी.टी.जी.) समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्ययोजना बनाकर उन्हें लाभ प्रदान कराया जा सके और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बेहतर कार्य योजना के बनाई जा सके। सहायक आयुक्त आदिमजाति विकास सु शिल्पा साय आज महासमुंद के अचानकपुर गांव पहुँच कर लोगों को जागरूक किया गया। वीडियों के ज़रिए समझाया गया। हितग्राहियों का जनमन कार्ड भी दिये गये। गौरतलब है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 63वीं बैठक संपन्न

## डीआरएम ने क्षेत्रीय राजभाषा पुरुस्कार मिलने पर पूरी टीम को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 63वीं बैठक आयोजित की गई । रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मानक कार्यसूची के अनुसार इस बैठक में जुलाई-सितंबर 2023 तिमाही के दौरान मंडल में हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई।

सर्वप्रथम अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मंडल रेल प्रबंधक के कुशल नेतृत्व में रायपुर मंडल को गृह मंत्रालय का क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। विश्वास है कि आप सभी मंडल में राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की गति को ऐसे ही बनाए रखेंगे। हम अपने कार्यालयीन काम-काज में बड़ी आसानी से हिंदी का प्रयोग कर सकते हैं। रायपुर मंडल 'क' क्षेत्र में स्थित है अत: आप सबसे अनुरोध है कि आप सभी कार्यों में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आप सभी के सम्मिलित प्रयास से मंडल में राजभाषा गतिविधियां अच्छी तरह चल रही हैं। हाल ही में मुंबई में आयोजित क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में रायपुर मंडल को शील्ड मिलना इस बात का प्रमाण है। यह उपलब्धि वास्तव में आप सभी की उपलब्धि है क्योंकि आप सभी के सहयोग से ही मंडल पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार को गति प्राप्त होती है।

बैठक के पश्चात मंडल के अधिकारियों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें समूह मैथिलीशरण गुप्त समूह ने प्रथम, मुंशी प्रेमचंद समूह ने द्वितीय, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला समूह ने तृतीय तथा जयशंकर प्रसाद समूह ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार द्वारा नकद पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया।

इस बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) राजेंद्र कुमार साहू, मंडल के विभिन्नप शाखा अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे । बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी निकेश कुमार पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत मोबाईल वैन पहुंची ग्राम सांकरा

# केन्द्र शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामवासी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की लोकहितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन आज राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सांकरा पहुंची। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

सुपोषण अभियान अंतर्गत हरी पत्तीदार सब्जियों का महत्व बताया गया। भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया गया। पौष्टिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुर्मी, सोहारी, सलोनी, भजिया, नारियल लड्डू, रेडी टू इट का हलवा स्टॉल में प्रदर्शित किया गया एवं आहार में सलाद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सुपोषण कलश के माध्यम से पौष्टिक आहार लेने के लिए सभी को जागरूक किया गया। विभिन्न तरह की दाल को सजाकर सुपोषण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सांकरा को ओडीएफप्लस के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

मोबाईल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन हुआ। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में केन्द्र शासन की योजनाओं से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं ग्रामीणों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। विभागों द्वारा स्टॉल के माध्यम से जनसामान्य को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन किया गया एवं जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर केन्द्र शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। ग्रामवासियों को मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण के संबंध में बताया गया।

इसके अंतर्गत मिट्टी अम्लीय है अथवा क्षारीय यह इनकी जांच की जाती है तथा मृदा में उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा का परीक्षण कर स्वाईल हेल्थ कार्ड बनाया जा रहा है, ताकि जमीन स्वस्थ रहे और जमीन की उर्वर क्षमता में वृद्धि हो। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत माताओं को परिवार में पहले जीवित बच्चे के लिए 5 हजार रूपए की राशि दो किस्तों में एवं द्वितीय संतान बालिका होने पर एक मुस्त 6 हजार रूपए की राशि प्रदान की जाती है। लीड बैंक के प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पशु चिकित्सा विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनांतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया गया।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर दल्लीराजहरा में संरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, सिगनल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ दल्लीराजहरा में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।**



स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारी के द्वारा बरती जाने वाली शीतकालीन सावधानियां एवं निजी संरक्षा, प्वाइंट्स एवं सिग्नल की विफलता एवं रिलेरूम को खोलने के दौरान परिचालन एवं सिग्नल कर्मचारियों के द्वारा ली जाने वाली सावधानियां, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र के उपयोग का प्रदर्शन ।

इस संरक्षा सेमिनार में प्राथमिक उपचार पेटी का प्रदर्शन के लिए सौरस मेश्राम हेल्थ यूनिट दल्लीराजहरा के द्वारा तथा अन्य बिंदु पर डी टी आई, एस एस ई /रेल पथ , मुख्य लोको निरीक्षक, एस एस ई /सिगनल/ दल्लीराजहरा के द्वारा मुख्य रुप से संरक्षा संगोष्ठी में जानकारी प्रदान किया गया। इस संरक्षा संगोष्ठी को सफल बनाने के लिये त्रिनाथ मोहंती तथा हरीशचन्द्र कर/संरक्षा सलाहकार/विद्युत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 65 लोगों ने भाग लिया।


मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### अनियंत्रित मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकराई: एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर जिले में छेरका बांधा वेलकम फैक्ट्री के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार 2 युवकों में से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

कोटा थाना क्षेत्र के डायल 112 और 108 एंबुलेंस को सूचना मिली कि छेरका बांधा वेलकम फैक्ट्री के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने डिवाइडर टकरा गई है। जिससे मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। घायल युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटा लाया गया, जहां डॉक्टर ने बड़कू (18) निवासी पीपरपारा को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने भी तोड़ा दम: मिनी पिकअप और बाइक की टक्कर में उसके दोस्त की मौके पर हुई थी मौत

**अंबिकापुर (ए)।** अंबिकापुर जिले में सेदम पुलिया के पास गुरुवार शाम को हुए सड़क हादसे में घायल हुए युवक की भी मौत हो गई है। इस घटना में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई थी। घायल युवक को अंबिकापुर मिशन अस्पताल लाया गया था, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना बतौली थाना क्षेत्र में हुई थी।

बता दें कि गुरुवार शाम करीब 6.30 बजे नेशनल हाईवे-43 पर सीतापुर की ओर से आ रहे मिनी पिकअप (क्रमांक सीजी 15 ओक्यू 4632) की बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएफ 5800 से भिड़ंत हो गई थी। टक्कर से बाइक सवार उछलकर सड़क पर गिर गया। इस हादसे में सिर पर गंभीर चोट आने के कारण बाबूलाल उरांव (33) की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं उसके साथी जयमंगल (35) का पैर टूट गया था।

लोगों ने घटना की सूचना बतौली पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाबूलाल के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। वहीं घायल जयमंगल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शांतिपारा में भर्ती कराया गया था। यहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया गया था। परिजन निजी वाहन से उसे इलाज के लिए अंबिकापुर मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसने दम तोड़ दिया।

### नाबालिग के साथ किया दुष्कर्म, 20 साल की सजा

**मनेंद्रगढ़ (ए)।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में दोषी पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (पॉक्सो) मनेंद्रगढ़ आनंद प्रकाश दीक्षित की अदालत ने अभियुक्त को अलग-अलग धाराओं में 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक जीएस राय ने बताया कि 16 जून 2021 को आरोपी ने पीड़िता को फोन कर गुडरू नदी के पास जरूरी काम है, कहकर मिलने बुलाया। इसके बाद वह पीड़िता को ग्राम ताराबहरा ले गया और सूने घर में दुष्कर्म किया।

पीड़िता के पिता की शिकायत पर केल्हारी पुलिस ने आईपीसी और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। न्यायाधीश ने आरोपी मनेंद्रगढ़ थानांतर्गत ग्राम साल्ही निवासी 20 वर्षीय शिवभजन सिंह उर्फ गोलू को दोषसिद्ध पाए जाने पर धारा 363 के अपराध में 2 वर्ष, धारा 366 के अपराध में 5 वर्ष व धारा 6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अपराध में 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

# ऑटो चालक ने कर दी सवार युवक की हत्या फिर खुद को मृत साबित करने रची साजिश

## पुलिस से बचने ऑटो चालक ने मृत युवक को पहनाएं अपने कपड़े, सिर मुड़ाकर छिपा था लॉज मे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पंतोरा चौकी क्षेत्र में दो दिन पहले हुई ऑटो चालक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। शिकायत दर्ज होने के बाद महज 36 घंटों में ही पुलिस आरोपी तक पहुंच गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद जो सच्चाई सामने आई उसने पुलिस को भी हैरान कर दिया। दरअसल पुलिस जिसे मृत मान रही थी वह जिंदा मिला। इसके बाद पता चला कि मरने वाला ऑटो चालक नहीं बल्कि सवारी था। ऑटो चालक ने सवारी की हत्या कर खुद को मरा साबित करने यह पूरी साजिश रची थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी ऑटो चालक पर धारा 302, 201, 419 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।





बता दें 26 दिसंबर को जांजगीर चांपा जिले के पंतोरा चौकी क्षेत्र में एक ऑटो चालक की हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि ऑटो पलटी हुई है और चालक की लहूलुहान लाश सड़क पर पड़ी है। जांच के दौरान पुलिस ने मृतक की पहचान शंकर शास्त्री (36) निवासी दोमोहानी गांव ढेका बिलासपुर के रूप की। मृतक के परिजनों ने भी इसकी पुष्टि की थी। शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया परिजनों ने शव को विधिवत दफ्ना दिया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पता चला कि ऑटो चालक शंकर शास्त्री बिलासपुर रेल्वे स्टेशन के गेट नंबर 03 से सवारी लेकर जिले के विभिन्न जगहों पर छोड़ता था। आटो चालक शंकर शास्त्री ने 25 दिसंबर की रात 7:35 बजे बिलासपुर रेल्वे स्टेशन से एक यात्री को बैठाया। विवेचना के दौरान बिलासपुर शहर के सीसी टीवी फुटेज देखने पर पता चला कि आटो चालक शंकर शास्त्री बाप जी पार्क के एसबीआई एटीएम में पैसे निकालते हुए 20:04:00 बजे, वसुंधरा नगर महाराणा प्रताप चौक स्थित शासकीय शराब दुकान में 20:14:58 बजे शराब लेता दिखाई दिया। इसके बाद महिमा कॉम्प्लेक्श व्यापार बिहार रोड में 20:22:00 बजे, बाराखोली चौक पर 20:28 :00बजे, तोरवा थाना चौक पर 20:35:54 बजे, मोपका सीपत में 21:23:00 बजे, कुली में 21:48:00 बजे, बलौदा से 22:02:00 बजे और अंत खिसोरा के पास सीसी टीवी फुटेज में रात 22:26 बजे दिखाई दिया। इसके बाद सुबह उसका शव मिला। पुलिस ने मौके पर एक मोबाइल फोन बरामद किया था जो कि शंकर शास्त्री का था।

इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर चुरामन की तलाश की। तलाशी के दौरान चुरामन को पुलिस ने कोरबा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बाल मुंडा रखे थे और लगातार इधर-उधर घूम रहा था। जब पुलिस ने आरोपी को पकड़कर ऑटो चालक शंकर शास्त्री की हत्या का कारण पूछा तो जवाब सुनकर हैरान रह गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शंकर शास्त्री और उसने चुरामन साव की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने पुलिस के सामने सारी सच्चाई बता दी। उसने यह भी बताया कि पहचान छिपाने के लिए उसने खुद को गंजा कर लिया और शहर छोड़कर भागने की फिराक में था।

### फोन पे से मिला आरोपी का लोकेशन

जांच के दौरान पता चला कि आटो चालक शंकर शास्त्री के फोन पे पर ऑटो सवार यात्री ने 210 रूप ट्रांसफर किया था। जिस नंबर से ट्रांसफर किया गया था उसकी जानकारी फोन पे से लेने पर पता चला कि मोबाइल धारक का नाम चुरामन साव पिता स्व. श्यामलाल साव निवासी गुंजरडीह थाना नावाडीह जिला बोकारो (झारखण्ड) का है। इसके बाद साइबर सेल की मदद से तकनीकी जांच शुरू की गई। जांच करने पर पता चला कि चुरामन साहू के नंबर का लोकेशन कोरबा दिखा रहा है। इसके बाद पुलिस की एक टीम कोरबा पहुंची। चुरामन के मोबाइल का लोकेशन कोरबा के पुराने बस स्टैंड पर स्थित ज्योति लॉज का मिला। पुलिस जब ज्योति लॉज पहुंची तो वहां से चुरामन चेकआउट कर चुका था। रजिस्टर जांचने पर पता चला कि उसमें चुरामन साव ने ऑटो चालक शंकर शास्त्री का मोबाइल नंबर लिखवा रखा था।

### खुद को बचाने रची खुद की हत्या की साजिश

इस हत्याकांड के पीछे की पूरी कहानी का सार यही निकला कि खुद को बचाने के लिए ऑटो चालक ने खुद की हत्या की कहानी बना डाली। आरोपी ने पूछताछ बताया कि उसने चूरामन साव से उसका मोबाइल 3500 में खरीदा था। पैसे एसबीआई एटीएम से निकाल कर दिया। उसके लिए शराब भट्टी से शराब व चकना लिया। चखना लेने चुरामन ने 210 रुपए फोन पे किया था। इसके बाद यहां से निकले तो रात 10:30 बजे खिसोरा गांव से थोड़ी ही दूरी पर आटो रुक गई। बाहर निकल कर देखा तो बाइक सवार तीन युवकों ने बताया कि रात में कोई मेकेनिक नहीं मिलेगा। इसके बाद शंकर शास्त्री ने कुछ देर प्रयास किया तो ऑटो फिर से चालू हो गई। लगभग डेढ़ किमी चलने के बाद आटो फिर से बंद हो गया।

### चुरामन साव नहीं उतरा तो उसे खींचकर उतारा

ऑटो बंद होने पर शंकर शास्त्री ने चुरामन साहू को उतरने कहा लेकिन वह गहरी नींच में था। इसके कारण शंकर शास्त्री गुस्सा हो गया और चुरामन साव का पैर पकड़कर खींचा और सड़क पर डाल दिया। इस दौरान चुरामन के सिर से खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गया। शंकर शास्त्री ने सोचा कि चुरामन मर गया है। अब खुद को बचाने के लिए उसने चुरामन के साथ कपड़ों की अदला बदली कर ली। इसके बाद अपना मोबाइल वहां छोड़ दिया और चुरामन का मोबाइल व उसका बाकी सामान लेकर जंगल के रास्ते पंतोरा चौकी के पीछे से सड़क पर पहुंचा और ट्रक से लिफ्ट लेकर कोरबा पहुंचा। कोरबा में पुराना बस स्टैण्ड के पास दूसरे दिन सुबह 9:00 बजे तक बैठा रहा। इसके बाद अपनी पहचान छुपाने सेलून में जाकर अपना सिर मुडा लिया। फिर ज्योति लॉज में चुरामन के नाम नी रुका और दूसरे दिन चेकआउट किया। पुलिस ने आरोपी शंकर शास्त्री के पास से उसके स्वयं का आधार कार्ड, मृतक का आधार कार्ड, 1380 नगद, दो मोबाइल फोन, घटना के समय पहने कपड़े, एक बैग आदि बरामद किया। इस पूरी कार्रवाई में सायबर सेल के निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक पारस पटेल, सहायक उप निरीक्षक मुकेश पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विवेक सिंह, राजकुमार चन्द्रा, बलवीर सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, गिरीश कश्यप, थाना प्रभारी बलौदा उप निरीक्षक मनोहर सिन्हा, चौकी प्रभारी पंतोरा दिलीप सिंह, आरक्षक शहबाज खान, नंद कुमार पटेल, कोरबा सायबर सेल के उप निरीक्षक नवीन पटेल, सउनि. अजय सोनवानी, आरक्षक रवि चौबे, चन्द्रकांत गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

## नए साल के जश्न पर रहेगा पुलिस का पहरा होटल संचालकों की बैठक लेकर दी गई नसीहत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नए साल के जश्न पर पुलिस का पहरा रहेगा। दुर्ग भिलाई के तमाम होटल व रेस्टारेंट संचालकों की शुक्रवार को एएसपी अभिषेक झा, एसडीएम दीपक निकुंज और सीएसपी छावनी आशीष बंछोर ने बैठक ली। बैठक के दौरान शहर की कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजन रात 12 बजे के पहले खत्म करने की हिदायत दी गई।

एएसपी अभिषेक झा ने गाइडलाइन के अनुसार ही आतिशबाजी करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाई कोर्ट के कोलाहल के संबंध में दिये निर्देशों का पालन करने तथा हुड़दंग करने वाले तत्वों पर नजर रखने व तुरंत कठोर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने होटल संचालकों से कहा कि किसी भी गड़बड़ी की सूचना पर तत्काल पुलिस कार्रवाई होगी। ऐसे होटल, रेस्तरां जिनमें बड़े स्तर का आयोजन तथा बाहरी कलाकार शामिल होंगे उन्हें निश्चित मापदंडों के तहत ही अनुमति दी जाएगी।




### होटल संचालकों को इन बिंदुओं पर दिया गया निर्देश

- होटल, रेस्तरां, बार, और ढाबे निश्चित समयावधि के भीतर बंद किए जाने चाहिए।
- पार्किंग का सुविधाजनक इंतजाम होना चाहिए।
- संस्थानों के बाहर या चार पहिए वाहन के अंदर शराब का सेवन ना कराया जाए।
- आयोजनकर्ता क्षमता से अधिक पास न जारी करें।
- कार्यक्रम के दौरान नशीला पदार्थ जैसे हुक्का, गांजा अन्य नशीली पदार्थ पाए जाने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही उनका लायसेंस भी निरस्त किया जाएगा।
- कोई भी संचालक रात्रि 10 बजे के बाद साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं करेगा।

## कबाड़ गोदाम में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में शुक्रवार की रात एक कबाड़ दुकान के गोदाम में भीषण आग लग गई। इससे वहां रखे लाखों रुपए का कबाड़ जलकर खाक हो गया। नगर सेना की दमकल शाखा को आग लगने की खबर दी गई लेकिन वो काफी देर से पहुंची। घटना तोरवा थाना क्षेत्र की है।



दमकल की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंचीं, तब तक पूरा गोदाम आग से घिर चुका था। चारों ओर आग की लपटें फैल गई थीं। दूर से ही आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। आग बुझाने में दमकल की 4 गाड़ियां लगाई गईं, लेकिन सारा सामान जलकर खाक हो गया।

बता दें कि देवरीखुर्द स्थित पुलिस सहायता केंद्र के सामने वसीम ट्रेडर्स की दुकान और गोदाम है। यहां वसीम खान कबाड़ दुकान चलाता है। गोदाम में कॉर्टन (पुट्ठा), प्लास्टिक सहित अन्य कबाड़ भारी मात्रा में रखे थे। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे गोदाम से धुएं का गुबार उठने लगा और देखते ही देखते आग की लपटें दिखने लगी। जिसे देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी।

इसके साथ ही नगर सेना के फायरबिग्रेड को भी आग लगने की खबर दी गई। इस बीच लोग आग बुझाते कि उससे पहले ही आग ने उग्र रूप ले लिया। दरअसल, गोदाम में रखे कागज और पुट्ठे के साथ ही प्लास्टिक आग में घी की तरह काम कर रहे थे, जिससे आग ने तेजी से भीषण रूप ले लिया और सारा सामान धू-धूकर जलने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले गोदाम में आग की लपटें उठीं, तब पुलिस के साथ ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी। दमकलकर्मियों ने आग को बुझा लिया और फिर वापस चले गए, जबकि आग पूरी तरह से नहीं बुझी थी।

दमकलकर्मियों के जाने के बाद दोबारा आग की लपटें उठने लगी। इस बार आग पूरे गोदाम में चारों तरफ फैल गई। दुकान संचालक ने दोबारा नगर सेना को इस घटना की जानकारी दी। लेकिन, इस बार दमकलकर्मी काफी देर से पहुंचे। लिहाजा, एक दमकल से आग नहीं बुझाई जा सकी। देर रात तक एक-एक कर चार दमकल मौके पर पहुंची। जिसके बाद आग को काबू में किया गया। आग से गोदाम में रखे 8-10 लाख रुपए का कीमती कबाड़ जलने का अनुमान लगाया गया है।

## शादीशुदा प्रेमिका के साथ फांसी पर झूला प्रेमी, पेड़ पर लटकती मिली लाशें

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के उतई थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बड़ी घटना सामने आई है। यहां एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना उतई थाना के मचांदुर चौकी क्षेत्र का है। प्रेमी जोड़े ने खेत में लगे पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मचांदुर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि मृतकों की पहचान स्टेशन मरोदा निवासी कौशल विश्वकर्मा (27) और



खोपाली गांव की मिनाक्षी यादव (25) ने ग्राम खोपली स्थित खार के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी गांव के कोटवार ने पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची मचांदुर पुलिस चौकी की टीम घटनास्थल पहुंची और शवों को उतरवाया। पुलिस ने बताया कि मृतका मिनाक्षी यादव शादीशुदा थी। मृतक कौशल विश्वकर्मा अविवाहित है। बताया जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे और शादी भी करना चाहते थे। युवती के शादी शुदा होने के कारण लोकलाज का डर सता रहा था। संभवत: इसी वजह से दोनों ने आत्मघाती कदम उठाया। बहरहाल मचांदुर चौकी पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

